प्रशस्ति-संग्रह

(आमेर शास्त्र भण्डार जयपुर के संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश,
एवं हिन्दी भाषा के ग्रन्थों की ग्रन्थ तथा लेखक-
प्रशस्तियों का अपूर्व संग्रह)

★

सम्पादक—

श्री कस्तूरचन्द कासलीवाल एम. ए., शास्त्री

प्रकाशक—

बधीचन्द गंगवाल

मंत्री—

प्रबन्ध कारिणी कमेटी

श्री दि० जैन अतिशय क्षेत्र महावीरजी

महावीर पार्क रोड

ज य पु र

प्रथमावृति
४०० प्रति

श्रावण वीर निर्माण सं० २४७६
वि० सं० २००६
अगस्त १९५०

मूल्य
छह रुपया

दो शब्द

—:o:—

यह लिखते हुये अत्यधिक दुःख एवं वेदना होती है कि आज भा० रामचन्द्रजी खिन्दूका मन्त्री अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी इस संसार में नहीं रहे। यदि वे होते तो वे ही इस पुस्तक के प्रकाशक बनते। इस प्रशस्ति-संग्रह को शीघ्र प्रकाशित देखने की उनकी अतिशय उत्कंठा थी। लेकिन काल के सामने किसी की भी नहीं चली, यही सोच कर सन्तोष कर लेना पडता है। श्री खिन्दूकाजी के हृदय में साहित्य प्रकाशन की कितनी प्रबल इच्छा थी-यह उनके प्रकाशकीय वक्तव्य से अच्छी तरह जाना जा सकता है। राजस्थान के जैन भण्डारों की विस्तृत सूची बनाने के वृहद् कार्य को प्रारम्भ तो वे कर गये; लेकिन दुःख है कि वे इसे पूर्ण नहीं देख सके। अब हमें साहित्य प्रकाशन के इस पवित्र कार्य को और भी तेजी के साथ करना है जिससे उनकी स्वर्गीय आत्मा को भी शान्ति मिल सके। मैं आशा करता हूं मुझे समाज का अधिक से अधिक सहयोग मिलेगा जिससे राजस्थान के अज्ञात अवस्था में पडे हुये साहित्य को प्रकाश में लाया जा सके।

बधीचन्द गंगवाल

जयपुर — मंत्री—प्रबन्ध कारिणी कमेटी

ता० ११-७-५० — दि० जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी

प्रकाशकीय

राजस्थान और विशेषतः जयपुर प्रान्त में दि० जैन मन्दिरों में बहुत सा प्राचीन साहित्य अज्ञात अवस्था में पड़ा हुआ है, किन्तु किस किस मन्दिर एवं ग्रन्थ भण्डार में कितनी संख्या में कौन कौन से शास्त्र विराजमान हैं, हमारे पास इतनी भी सूचना का संकलन नहीं है। इन ग्रन्थ भण्डारों में जो अमूल्य साहित्य बिखरा पड़ा है वह अपने उद्धार की बाट देख रहा है। राजस्थान में उपलब्ध जैन साहित्य के प्रकाशन एवं शोध की नितान्त आवश्यकता को ध्यान में रखकर दि० जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी की प्रबन्ध कारिणि कमेटी ने अनुसंधान विभाग खोलने का विचार किया। सबसे पहिले प्रबन्ध समिति ने राजस्थान के नहीं, तो कम से कम जयपुर के जैन भण्डारों की एक संक्षिप्त सूची बनवाने तथा उनमें उपलब्ध उपयोगी साहित्य का प्रकाशन कराने का कार्य आरंभ किया। इसी के फलस्वरूप आमेर शास्त्र भण्डार जो भारत के प्रसिद्ध शास्त्र भण्डारों में गिना जाता है उसकी एक विस्तृत सूची प्रकाशित की गयी।

यह प्रशस्ति संग्रह भी इसी विभाग द्वारा प्रकाशित किय जा रहा है। इसमें केवल आमेर शास्त्र भण्डार के ही संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश और हिन्दी भाषा के उपलब्ध ग्रन्थों की प्रशस्तियों का ही संकलन है। ग्रन्थ प्रशस्तियों के साथ २ लेखक प्रशस्ति भी जोड़ दी गयी हैं जिससे ग्रन्थ के समय आदि के निर्णय में काफी सहायता मिलेगी। अपभ्रंश साहित्य की ४० से अधिक ग्रन्थों की प्रशस्तियां इस संग्रह में मिलेंगी जो इस साहित्य के महत्त्व को प्रकट करने में काफी सहायता देगी। इस संग्रह के प्रकाशन से जैन साहित्य की खोज में कितनी सहायता प्राप्त होगी इसका अनुमान तो विद्वानगण ही कर सकेंगे।

इस प्रकाशन के अतिरिक्त प० अखयराज कृत 'चतुर्दश गुणस्थान चर्चा' शीघ्र ही पाठकों के सामने आने वाली है। अपभ्रंश भाषा के प्रसिद्ध महाकवि नयनन्दि कृत 'सुदर्शन चरित्र' का भी सम्पादन हो रहा है और उसके प्रकाशन का कार्य शुरू होने वाला है। जयपुर और राजस्थान के दि० जैन शास्त्र भण्डारों की विस्तृत सूची का कार्य भी प्रारम्भ होने वाला है जिससे कम से कम उपलब्ध ग्रन्थों का साधारण परिचय तो प्राप्त हो सकेगा। प्रबन्ध कारिणि के सामने साहित्य प्रकाशन की बहुत बड़ी योजना है। तामिल, तेलगू और कन्नड भाषा में जो महत्त्वपूर्ण साहित्य अप्रकाशित अवस्था में है उसे भी प्रकाशित करवा कर जन साधारण के लिये सुलभ बना देने की हार्दिक इच्छा है। इस दिशा में श्री० सी० एस० मल्लिनाथजी, भूतपूर्व सम्पादक अंग्रेजी जैनगजट द्वारा भी कार्य शुरू कर दिया है। इधर जैन समाज के प्रसिद्ध साहित्य सेवी बाबू जुगलकिशोरजी साहब मुख्तार देवबंद वालों से उनका श्री वीर सेवा मन्दिर श्री महावीरजी में लाने तथा वहीं बैठकर साहित्योद्धार का कार्य करने की बातचीत चल रही है। यदि वह बातचीत सफल हो गयी तो यह कार्य और भी तेजी से हो सकेगा-ऐसी आशा है।

साहित्योद्धार का कार्य कितना उपयोगी एवं आवश्यक है यह सब कुछ जानते हुये भी जैन समाज की इस सम्बन्ध में घोर उदासीनता बड़े दुःख की बात है। जो समाज देव शास्त्र गुरु का बराबर का दरजा

मानती है, नित नये मन्दिर तथा नयी प्रतिमाओं का निर्माण कराती हैं और लाखों रुपया मेले प्रतिष्ठादि कार्यों में प्रतिवर्ष व्यय करती है, उस समाज के लिये किसी एक ग्रंथ की १००० कापी भी नहीं खरीद सकना कितनी लज्जा की बात है। इस तरफ समाज का लक्ष्य होना ही चाहिये। यदि नये प्रकाशित होने वाले ग्रंथों की १००० प्रतियों में से ५०० भी ग्रन्थ के छपते ही बिक जावें तो भी बहुत से ग्रन्थों का उद्धार हो सकता है इसलिये समाज से मेरी नम्र प्रार्थना है कि जो भी ग्रन्थ प्रकाशित हों उसकी एक एक कापी हर एक शास्त्र भण्डार तथा पंचायती मन्दिरों में अवश्य विराजमान करें — जैन धर्म की स्थिरता एवं उन्नति का यह सबसे बड़ा साधन है। आशा है कि हमारी धर्मप्राण समाज इस तरफ अवश्य ध्यान देगी और साहित्य प्रचार के पवित्र कार्य में सहयोग देकर साहित्य सेवियों का उत्साह बढ़ावेगी

विनीत

जयपुर
ता० १-६-५०

रामचन्द्र खिन्दूका
मंत्री प्र० का० कमेटी
दि० जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी

प्रस्तावना

प्राचीन काल में मुद्रण यन्त्र (छापाखाना) के आविष्कार के पहिले मनुष्य ने पत्रों (ताम्रपत्र व ताडपत्र) तथा कागजों पर हाथ से लिख लिख कर ही अपने साहित्य एवं ज्ञान की वृद्धि की थी। उस समय भी भारत में सैकड़ों एवं हजारों विद्वानों ने जन्म लिया और अपनी लेखनी से भारतीय साहित्य के सभी अंगों को पूर्ण किया। हाथ से लिखने के इस युग में शास्त्र भण्डारों एवं पुस्तकालयों की संख्या पर्याप्त थी। प्रत्येक नगर एवं गांव में मन्दिरों तथा अन्य धर्मस्थानों में शास्त्र भण्डार होते थे जिनका प्रत्येक मनुष्य पठन पाठन के लिये उपयोग कर सकता था।

जैनाचार्यों ने दान के चार भेदों में शास्त्रदान को सम्मिलित किया और इसी के सहारे ज्ञान के विशिष्ट साधन पुस्तकों के लिखने लिखवाने को श्रावकों के दैनिक जीवन में उतारा। जिस तरह मन्दिरों को बनवाने एवं प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा करवाने में पुण्यलाभ बतलाया उसी प्रकार शास्त्रों को लिखकर अथवा लिखवा कर शास्त्रभण्डारों को भेंट करने में भी कम पुण्यलाभ नहीं बतलाया। यही नहीं, किन्तु जितनी भक्ति व श्रद्धा उपास्य देवताओं में रखने के लिये उपदेश दिया उतनी ही श्रद्धा व भक्ति शास्त्रों के प्रति भी प्रदर्शित करने को कहा। जैनाचार्यों के इस उच्चतम उपदेश के कारण ही आज हमें प्रत्येक मन्दिर में शास्त्रभण्डार के दर्शन होते हैं अन्यथा हजारों वर्षों से राज्याश्रयहीन जैन धर्म का साहित्य आज इस विशाल मात्रा में नजर नहीं आता। श्रद्धालु श्रावकों ने आचार्यों के इस उपदेश को अक्षरशः पालन किया और अपने जीवन अथवा द्रव्य का बहुत भाग इस पुण्य कार्य में भी व्यतीत किया।

शास्त्र लिखने और लिखवाने में साधुओं और गृहस्थों का समान हाथ रहा है। साधुओं ने हजारों शास्त्र लिखकर जैन वाङ्मय की वृद्धि की तथा श्रावकों ने शास्त्रों की प्रतिलिपियां करवाकर उसका अत्याधिक प्रचार किया और साधुओं से अनुरोध करके नवीन साहित्य का निर्माण भी करवाया। जैनों का अधिकांश अपभ्रंश एवं हिन्दी साहित्य का निर्माण इन्हीं श्रावकों के अनुरोध एवं भक्ति का परिणाम है।

दो प्रकार की प्रशस्तियां इस संग्रह में दी गई हैं। एक तो वे जो स्वयं कवि अथवा ग्रन्थकर्त्ता द्वारा लिखी गयी हैं तथा दूसरी वे जो लिपिकारों ने लिखी हैं। पहिली का नाम ग्रन्थ प्रशस्ति तथा दूसरी का नाम लेखक प्रशस्ति है। ग्रन्थ प्रशस्ति में कवि का परिचय, भट्टारक परम्परा का उल्लेख, तत्कालीन भट्टारक का नाम; देश व स्थान व समय का निर्देश तथा वहां के शासक का परिचय आदि दिये हुये होते हैं। लेखक प्रशस्ति में सबसे पहिले समय, फिर ग्राम व नगर का नाम, वहां के शासक का नाम, उसके पश्चात् भट्टारक परम्परा का उल्लेख तथा तत्कालीन भट्टारक का नाम, इसके पश्चात् लिपि करवाने वाले का विस्तृत वंश परिचय, लिपि किस निमित्त से करायी गयी और अन्त में लिपि का नाम दिया हुआ मिलता है। किसी प्रशस्ति में निर्दिष्ट बातों से कम अथवा ज्यादा का भी वर्णन मिल जाता है।

ग्रन्थ कर्त्ता जब साधु अथवा भट्टारक होते हैं तो वे अपना वंश परिचय नहीं लिखते किन्तु जिस आचार्य अथवा भट्टारक के शिष्य होते हैं उसका ही परिचय लिखते हैं। संस्कृत ग्रन्थों की अधिकांश ग्रन्थ प्रशस्तियां इसी

प्रकार की हैं। यही नहीं किन्तु इनके लेखकों ने श्रावकों के अनुरोध का भी बहुत कम उल्लेख किया है। इस दिशा में अपभ्रंश ग्रन्थों की प्रशस्तियां बड़े महत्त्व की हैं। इन ग्रन्थ प्रशस्तियों में कवियों अथवा ग्रन्थकर्त्ताओं ने अपने परिचय से भी अधिक उन श्रावकों का परिचय लिखा है जिनके अनुरोध से उन्होंने ग्रन्थ का निर्माण किया था। उदाहरणार्थ महाकवि श्रीधर ने अपने पार्श्वनाथ चरित्र में श्रावक नट्टल साहू का जो सुन्दर वर्णन लिखा है वह पठनीय है। श्रीधर ने ही नहीं किन्तु महाकवि पुष्पदंत, वीर, नयनन्दि, श्रीचन्द, यशःकीर्ति, धनपाल, रइधू, माणिक्कराज आदि सभी ने श्रावकों का बड़ा ही सुन्दर परिचय लिखा है। इस प्रकार हिन्दी ग्रन्थों की प्रशस्तियां भी कम महत्त्व की नहीं हैं। अधिकांश प्रशस्तियों में कवियों और लेखकों ने अपना अच्छा परिचय लिखा है। हिन्दी और अपभ्रंश भाषा में ग्रन्थ समाप्ति का भी समय प्रायः सभी लेखकों ने दिया है।

इन सबके अतिरिक्त ग्रन्थ प्रशस्तियों में ग्रन्थकारों ने अपने पूर्ववर्त्ती आचार्यों, लेखकों का भी नामोल्लेख किया है जो बड़े महत्त्व का है। इन पूर्ववर्त्ती आचार्य-लेखकों का उल्लेख संस्कृत ग्रन्थ में कम एवं अपभ्रंश साहित्य में अधिक हुआ है। संस्कृत ग्रन्थों में पूर्ववर्त्ती आचार्यों का उल्लेख करने वालों में ज्ञानभूषण, नेमिदत्त एवं श्रुतसागर आदि प्रमुख है तथा अपभ्रंश साहित्य में नयनन्दि, श्रीचन्द, हरिषेण, कनकामर तथा धनपाल आदि प्रमुख हैं। महाकवि धनपाल ने तो नामोल्लेख के अतिरिक्त उन आचार्यों की कृतियों का भी उल्लेख किया है। महाकवि नयनन्दि ने अपने सकलविधि निधान काव्य में जैनेतर विद्वानों के नामों का भी उल्लेख किया है जो इतिहास की दृष्टि से बड़े महत्त्व की वस्तु है। जैनेतर विद्वानों के नामों में वररुचि, वामन कालिदास, मयूर, श्रीहर्ष, शेखर, पतंजलि आदि प्रमुख हैं। संस्कृत भाषा के ग्रन्थों में किसी किसी ग्रन्थकर्त्ता ने अपनी अन्य २ कृतियों का भी उल्लेख किया है और इस दिशा में भट्टारक शुभचन्द्र प्रमुख रूप से उल्लेखनीय हैं।

इस संग्रह में केवल आमेर शास्त्र भण्डार जयपुर में उपलब्ध शास्त्रों की प्रशस्तियों का ही संग्रह है। भण्डार में सभी प्रतियां कागज पर ही लिखी हुई हैं। सम्वत् १३६१ में लिखित प्रति भण्डार में सबसे प्राचीन हस्तलिखित प्रति है। इस भन्डार के शास्त्रों की प्रतिलिपियां भारत के प्रायः सभी ग्राम व नगरों में लिखी गयी हैं और फिर वहां से इस भण्डार को भेंट स्वरूप दी गयी हैं। दक्षिण में बीजवाडा तथा सिकन्दराबाद, उत्तर में लाहोर तथा मुल्तान, पूर्व में ढाका और पश्चिम में गुजरात आदि प्रान्त एवं नगरों में लिखित प्रतियों का भण्डार में संग्रह है। इससे इस भण्डार को महत्ता को काफी अच्छी तरह से समझा जा सकता है। साधारण रूप से दिल्ली, आगरा, नागपुर, ग्वालियर तथा जयपुर प्रान्त में लिपिबद्ध प्रतियों का संग्रह है। बैलगाड़ियों के उस युग में तथा मुगलों के कठोर शासन में भी श्रद्धालु श्रावकों ने जैन साहित्य की कितनी वृद्धि की तथा उसे सुरक्षित रखा यह हमारे लिये कितने गौरव की बात है।

भाषा के अनुसार प्रशस्तियों को तीन भागों में बांटा गया है: प्रारम्भ में संस्कृत ग्रन्थों की प्रशस्तियां दी गयी हैं, तत्पश्चात् प्राकृत एव अपभ्रंश भाषा की प्रशस्तियां आती हैं तथा अन्त में हिन्दी ग्रन्थों की प्रशस्तियों का संग्रह है। ग्रन्थ प्रशस्ति के साथ लेखक प्रशस्ति भी लगा दी गयी हैं जिससे ग्रन्थ की कितनी प्रतियां कब और कहां कहां हुई इस परिचय के साथ २ ग्रन्थ निर्माण के समय का भी अनुमान लगाया जा

सकता है। अब तीनों भागों का संक्षिप्त परिचय पाठकों के सामने उपस्थित किया जाता है—

संस्कृत विभाग—

इसमें ५९ ग्रन्थ-प्रशस्तियों एवं ५० लेखक-प्रशस्तियों का संग्रह है। इन प्रशस्तियों में जिनसेन, अमितिगति एवं आशाधर आदि प्राचीन आचार्यों को छोड़ कर शेष १५वीं शताब्दी से लेकर १८वीं शताब्दी तक के विद्वानों द्वारा निर्मित ग्रन्थों की प्रशस्तियों का ही संकलन है। इन विद्वानों में सकलकीर्ति, शुभचन्द्र, सकलभूषण, ज्ञानभूषण, धर्मकीर्ति, मेधावी, सोमकीर्ति, रायमल्ल, नेमिदत्त, जिनदास, ज्ञानकीर्ति आदि प्रमुख हैं। इन विद्वानों का बहुत कुछ परिचय इन प्रशस्तियों के आधार पर एकत्रित किया जा सकता है। अधिकांश विद्वानों ने साधु अवस्था धारण करने के पश्चात ग्रन्थ निर्माण किया था इसलिये अपनी गृहस्थ अवस्था का परिचय कुछ भी नहीं लिखा। गत ५०० वर्षों में इन विद्वानों ने संस्कृत साहित्य की अत्यधिक सेवा की है। हिन्दी के लगातार जनप्रिय बनते रहने पर भी इन विद्वानों ने संस्कृत साहित्य का निर्माण करके संस्कृत पठन पाठन के प्रति प्रेम ही प्रदर्शित नहीं किया किन्तु अपनी विद्वत्ता का भी परिचय दिया। इस युग में पुराण एवं कथा साहित्य ही अधिक लिखा गया। इससे ऐसा मालूम होता है कि उस युग में भी साधारण जनता सिद्धान्त ग्रन्थों के स्वाध्याय में उतनी दिलचस्पी नहीं लेती थी जितनी पुराण एव कथा साहित्य के पठन पाठन में लेती थी। इसी से विद्वानों ने भी इस प्रकार साहित्य के द्वारा ही सिद्धान्त एवं पौराणिक ज्ञान को जीवित रखने का एकमात्र उपाय समझा।

प्राकृत अपभ्रंश विभाग—

हिन्दी भाषा के पूर्व अपभ्रंश बोलचाल की भाषा होने के कारण जैनाचार्यों ने श्रावकों के अनुरोध से इस भाषा में अपरिमित साहित्य का निर्माण किया। इसलिये जितना अपभ्रंश साहित्य जैनाचार्यों द्वारा लिखा गया है उसका एकांश भी अन्य विद्वानों द्वारा लिखा हुआ नहीं मिलता। इस संग्रह में अपभ्रंश के ४९ ग्रन्थों की प्रशस्तियां दी गयी हैं। इन ग्रन्थ प्रशस्तियों में अपभ्रंश भाषा के प्रायः सभी विद्वानों का परिचय मिल सकता है। अपभ्रंश भाषा के इन आचार्यों में स्वयंभु, पुष्पदंत, पद्मकीर्ति, वीर, नयनन्दि, श्रीधर, श्रीचन्द, हरिषेण, अमरकीर्ति, यशःकीर्ति, धनपाल, श्रुतकीर्ति, रइधू, माणिक्कराज आदि प्रमुख हैं। अपभ्रंश भाषा के साहित्य का अधिकांश निर्माण १३वीं शताब्दी तक ही हुआ है यद्यपि इसके पश्चात् भी रइधू, यशःकीर्ति, धनपाल, श्रुत कीर्ति, और माणिक्कराज ने १६वीं शताब्दी तक इस भाषा में खूब साहित्य लिखा है। भण्डार में अपभ्रंश ग्रन्थों की जितनी प्रतियां हैं वे प्रायः सभी १७वीं शताब्दी तक की हैं। अधिकांश प्रतियां १६वीं और १७वीं शताब्दी की हैं। यह उस समय भी अपभ्रंश का जनप्रिय बना रहना सिद्ध करता है। ग्रन्थ प्रशस्तियां प्रायः सभी विषद एवं विस्तृत हैं। सभी कवियों ने अपने आश्रयदाता श्रावकों का विशद एवं सुन्दर परिचय लिखा है। अपभ्रंश भाषा के अधिकतर विद्वान गृहस्थ थे इसलिये इन्होंने अपने कुल एवं जाति का भी अच्छा परिचय लिखा है। आमेरशास्त्र भण्डार अपभ्रंश-साहित्य-संग्रह के लिये भारत में सबसे आगे है। इस भण्डार में किसी ग्रन्थ की तो दस दस प्रतियां तक मिलती हैं। कुछ ऐसी भी प्रतियां हैं जो भारत के अन्य

भण्डारों में अभी तक नहीं मिली हैं अथवा जिनकी भारत में एक दो प्रतियां ही हैं। इनमें सकलविधि विधान (नयनंदि), बाहुबलि चरित्र (धनपाल) तथा परमेष्ठि प्रकाशसार (श्रुतकीर्त्ति) आदि उल्लेखनीय हैं। भण्डार में प्राकृत साहित्य तो काफी मात्रा में है किन्तु प्राकृत ग्रन्थों की प्रशस्तियां बहुत ही कम हैं— इसीलिये इनका अधिक सग्रह नहीं दिया जा सका।

हिन्दी विभाग—

हिन्दी भाषा की ८८ पुस्तकों की प्रशस्तियों का संग्रह दिया गया है। १५वीं शताब्दी से पूर्व की भण्डार में कोई रचना नहीं है। भट्टारक सकलकीर्त्ति द्वारा निर्मित 'आराधनासार प्रतिबोध' प्रशस्ति संग्रह में हिन्दी की सबसे पुरानी रचना है। १६वीं शताब्दी के प्रमुख कवियों में जिनदास, भट्टारक ज्ञानभूषण, धर्मदास, चतुरूमल एवं ठक्कुरसी की रचनायें उल्लेखनीय हैं। इन रचनाओं में धर्मोपदेश श्रावकाचार (धर्मदास) तथा पंचेन्द्रिय बोल (टक्कुरसी) दो रचनायें भाषा और शैली की दृष्टि से भी उत्तम हैं। १७वीं शताब्दी में पद्य के साथ साथ गद्य के भी दर्शन होते हैं। पांडे राजमल्ल कृत समयसार भाषा की रचना संवत् १६०० के आस पास हुई थी। इस रचना में हमें आज से ४०० वर्ष पूर्व की हिन्दी गद्यशैली के दर्शन होते हैं। अखयराज कृत चतुर्दशगुणस्थानचर्चा आदि कृतियां भी इसी शताब्दी की रचनायें हैं। १७वीं शताब्दी के प्रमुख कवियों में ब्रह्म रायमल्ल, बनारसीदास, रूपचन्द, त्रिभुवनदास, कुमुदचन्द्र आदि उल्लेखनीय हैं। इन सभी कवियों की कृतियां सभी दृष्टियों से उत्तम हैं। १८वीं शताब्दी में गद्य साहित्य खूब लिखा गया। ऐसा मालूम पड़ता है कि जन साधारण में गद्य की ओर रुचि बढ़ रही थी। गद्य लेखकों में पांडे रूपचन्द, हेमराज, दीपचन्द कासलीवाल आदि हैं। इन लेखकों ने हिन्दी गद्य में अनेक ग्रन्थों का अनुवाद ही नहीं किया: किन्तु दीपचन्दजी ने तो स्वतन्त्र रचनायें भी लिखीं। इसी प्रकार इस शताब्दी में पद्य साहित्य में भी उत्कृष्ट रचनायें मिलती हैं। इनमें भैय्या भगवतीदास एवं भूधरदास आदि की रचनायें उल्लेखनीय हैं। इसके आगे की रचनाये भण्डार में बहुत ही कम हैं तथा उनमें कोई विशेष उल्लेखनीय नहीं हैं।

भट्टारक इतिहास—

जैन साहित्य के निर्माण में भट्टारकों का प्रमुख हाथ रहा है। प्राचीन काल में इनका अधिकांश समय साहित्य निर्माण में ही व्यतीत होता था। एक एक भट्टारक की अधीनता में बहुत से शिष्य रहा करते थे। इनका कार्य पठन पाठन के अतिरिक्त ग्रन्थों की प्रतिलिपियां करना भी होता था। भट्टारक गण श्रावकों को उत्साहित एवं प्रेरित किया करते थे जिससे श्रावकगण प्रायः व्रतविधान समाप्त करने पर अथवा अन्य समय पर ग्रन्थों की प्रतिलिपियां करवा कर शास्त्र भण्डारों को भेंट करते थे। जब कोई भट्टारक नवीन रचना का निर्माण करते तब तो उसमें अपने से पूर्व के प्रायः सभी प्रमुख भट्टारकों का परिचय लिखते थे। यही नहीं: किन्तु जब उनके शिष्य भी किसी ग्रन्थ की प्रतिलिपि करते तब भी अपने गुरू भट्टारक की परम्परा का उल्लेख करते थे। प्रशस्ति-संग्रह में इस सम्बन्ध में काफी साहित्य मिलता

है। संग्रह में अधिकांश प्रशस्तियां एवं लेखक-प्रशस्तियां आचार्य कुन्दकुन्द, भट्टारक पद्मनन्दि तथा शुभचन्द्र आम्नाय में होने वाले भट्टारकों द्वारा लिखी हुई मिलती हैं। यद्यपि इनमें भी आगे चलकर कितनी ही नवीन भट्टारक परम्पराओं का जन्म होता है, उदाहरणार्थ भट्टारक सकलकीर्त्ति ने आचार्य कुन्दकुन्द एवं भट्टारक पद्मनन्दि को ही आदि मान कर एक नवीन परम्परा को जन्म दिया तथा इसके पश्चात् होने वाले सकलकीर्त्ति के सभी पट्टधर शिष्यों ने उसी प्रकार भट्टारक परम्परा का उल्लेख किया। इसके अतिरिक्त सेनगण, पुष्करगण एवं विद्यागण में होने वाले भट्टारकों का भी काफी अच्छा परिचय उपलब्ध होता है।

जैन समाज की प्रमुख जातियां—

उत्तर भारत में खण्डेलवाल और अग्रवाल इन्हीं दो जातियों का जैन साहित्य की रक्षा एवं वृद्धि में विशेष हाथ रहा है। राजस्थान में प्रारम्भ से ही खण्डेलवाल जाति का प्रभुत्व रहा इसलिये यहां के साहित्य निर्माण एवं प्रचार का अधिकांश श्रेय इसी जाति को है। अग्रवाल जाति का दिल्ली, आगरा, ग्वालियर आदि स्थानों में व्यापक प्रभाव रहा है। अपभ्रंश साहित्य के निर्माण का अधिकांश श्रेय इसी जाति को दिया जा सकता है। अपभ्रंश ग्रन्थों के बहुत से लेखक भी इसी जाति में उत्पन्न हुये थे। प्राचीन काल में अग्रवाल जाति के लोगों का सारे भारत पर प्रभाव था। इस जाति का एक हजार वर्ष का इतिहास तो प्रशस्तियों के आधार पर तैयार किया जा सकता है। श्रीधर ने १२वीं शताब्दी की रचना में जिस नट्टल साह की प्रशंसा की है उसने भी इस जाति को सुशोभित किया था। कवि के अनुसार नट्टल साह का प्रभाव कलिंग, द्राविड़, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंचाल, सिंधु, गौड़ आदि सभी देशों में व्याप्त था। महा पंडित रइधू ने अपनी अधिकांश रचनायें इसी जाति में उत्पन्न होने वाले श्रावकों के अनुरोध से की थीं। इन दोनों जातियों के अतिरिक्त बघेरवाल, श्रीमाल, पुरवाल, लमेचू, जैसवाल आदि जातियों में उत्पन्न श्रावकों द्वारा भेंट दिया हुआ साहित्य भी काफी सख्या में मिलता है। इसी प्रकार इक्ष्वाकु, तोमर, चालुक्य, राठौर आदि क्षत्रिय वंश के एवं कायस्थ, माथुर आदि अन्य जातियों के महानुभावों ने भी साहित्य प्रचार में काफी सहयोग दिया है।

पाठकों की साधारण जानकारी के लिये प्रशस्ति-संग्रह में आये हुये आचार्य-लेखकों एवं कवियों का अति संक्षिप्त परिचय भी उपस्थित किया जारहा है—

संस्कृत भाषा के विद्वान्

१. **भट्टाकलंकदेव**—जैनधर्म के सुविख्यात सैद्धान्तिक एवं दार्शनिक आचार्यों में आप अग्रगण्य हैं। आपके जीवन के सम्बन्ध में अनेक कहानियां प्रचलित हैं। बौद्ध दर्शन के उत्कर्ष काल में आपने जैन दर्शन को जीवित ही नहीं रखा किन्तु उसे अजेय एवं उत्कर्षमय बना दिया। आपने संस्कृत में अनेक ग्रन्थों की रचना की है। इनकी राजवार्तिक, अष्टशती, न्यायविनिश्चयालंकार आदि प्रसिद्ध रचनायें मिलती हैं।

आप ८वीं शताब्दी के महा विद्वान् थे।

२. **अमितिगति**—परमारवंश के राजाओं से सम्मानित विद्वानों में इनका विशेष स्थान माना जाता है। ये माथुरसंघ के आचार्य थे तथा माधवसेन के शिष्य थे। इन्होंने सुभाषितरत्नसंदोह (१०५०), धर्मपरीक्षा (१०७०), पंचसंग्रह (१०७३), उपासकाचार, सामायिकपाठ, भावनाद्वात्रिंशिका एवं योगसार प्राकृत आदि ग्रन्थों की रचना की है। इनकी भाषा काफी प्रौढ़ एवं उच्चकोटि की है।

३. **आशाधर**—ये मूल निवासी मांडलगढ़ थे लेकिन शहाबुद्दीन गौरी के आक्रमणों से त्रस्त होकर धारा नगरी में आकर रहने लगे थे। ये बघेरवाल जाति में उत्पन्न हुये थे। इनके पिता का नाम सल्लक्षण, माता का नाम श्री रत्नी, पत्नी का नाम सरस्वती एवं पुत्र का नाम छाहड था। आशाधर जीवन भर गृहस्थ रहे और इसी अवस्था में रह कर उन्होंने अपरिमित साहित्य का निर्माण किया। इनका काव्य, न्याय, सिद्धान्त, अलंकार, योगशास्त्र एवं वैद्यक आदि सभी विषयों पर अधिकार था। इन्होंने २० से भी अधिक ग्रन्थों की रचना की। आशाधर ने जैन साहित्य पर ही कलम नहीं चलायी किन्तु जैनेतर साहित्य पर भी अपने पांडित्य की अमिट छाप छोड़ी और अष्टांगहृदय, काव्यालंकार, अमरकोष जैसे ग्रन्थों पर टीका लिखी। जैन ग्रन्थों में जिनयज्ञकल्प, सागार और अनगारधर्मामृत, त्रिषष्टिस्मृतिशास्त्र आदि ग्रन्थ ही उपलब्ध हैं, शेष प्रमेयरत्नाकर, भरतेश्वराभ्युदय, ज्ञानदीपिका, राजमतीविप्रलंभ, अध्यात्मरहस्य, काव्यालंकार टीका, अष्टांगहृदय द्योतिनी टीका अभी तक अप्राप्त ही हैं। आप१३वीं शताब्दी के उत्कृष्ट विद्वान माने जाते हैं।

४. **श्री कृष्णदास**—कवि लाहौर के निवासी थे। लेकिन ग्रन्थ को काल्पवल्ली नगर में समाप्त किया था। इनके पिता का नाम हर्ष था जो तत्कालीन व्यापारियों में बड़े प्रसिद्ध थे। काष्ठासंघ से इनका सम्बन्ध था और रत्नभूषण इनके गुरू थे। श्री पूरमल्ल के आग्रह से इन्होंने मुनिसुव्रत पुराण की रचना की थी। इनके छोटे भाई का नाम मंगलदास था।

५. **गुणसुन्दर**—इन्होंने संवत् १४२६ में भक्तामर स्तोत्र की वृत्ति लिखी थी। ये आचार्य गुणचन्द्रसूरि के प्रमुख शिष्य थे। इनका सम्बन्ध रुद्रपल्लीय गच्छ से था।

६. **गुणाकर सूरि**—इन्होंने संवत् १५०४ सम्यक्त्व कौमुदी की रचना की थी। कवि ने अपने आपको चैत्रगच्छ से सम्बन्धित बतलाया है।

७. **गुणभद्राचार्य**—भगवज्जिनेसनाचार्य के समान गुणभद्र भी प्रतिभा सम्पन्न विद्वान थे। इन्होंने आदिपुराण को ही पूरा नहीं किया किन्तु उत्तरपुराण, आत्मानुशासन और जिनदत्तचरित्र की भी रचना की।

इनका समय विद्वानों ने शक संवत् ७४० से ८२० से पूर्व तक निश्चित किया है।

८. **चन्द्रकीर्ति**—सारस्वत व्याकरण के टीकाकार हैं। नागपुरीय तपोगच्छ के आप अधिनायक आचार्य रहे थे। संवत् ११७४ के पश्चात् होने वाले सभी आचार्यों का आपने स्मरण किया है। इस गच्छ के

प्रतिष्ठाता पद्मप्रभसूरि थे। टीका का नाम सुबोधिका टीका है।

९. **चन्द्रकीर्ति**—काष्ठासंघ में होने वाले भट्टारक रामसेन की परम्परा में ये श्री विद्याभूषण के शिष्य थे। इन्होंने पद्मपुराण की रचना इन्हीं के पास रह कर की थी। चन्द्रकीर्ति मुनि थे।

१० **चारित्रसुन्दरगणि**—कवि ने सर्वप्रथम विजयेन्द्र सूरि को स्मरण किया है इनके पश्चात् होने वाले शिष्यों का उल्लेख करते हुये इन्होंने अपने को रत्नसिंह सूरि का शिष्य लिखा है। महीपाल चरित्र को कवि ने १५२५ के आस पास समाप्त किया था। यह काव्य जामनगर से प्रकाशित हो चुका है।

११. **जिनसेनाचार्य**—हरिवंश पुराण के कर्ता आचार्य जिनसेन पुन्नाट संघ के आचार्य थे। इनके गुरू का नाम कीर्त्तिषेण एवं दादा गुरू का नाम जिनसेन था। इन्होंने हरिवंश पुराण को वर्द्धमानपुर में शके संवत् ७०५ में समाप्त किया था। हरिवंश पुराण की गणना जैन पुराणों में सर्वोपरि है। इसका ग्रन्थ परिमाण बारह हजार श्लोक प्रमाण है। पूरा पुराण ६६ सर्गों में समाप्त होता है। जिनसेनाचार्य ने अपनी रचना के ६६वें सर्ग में भगवान महावीर से लेकर लोहाचार्य तक की आचार्य परम्पर का उल्लेख किया है।

१२. **ज्ञानकीर्ति**—यशोधर चरित्र के रचयिता श्री ज्ञानकीर्त्ति यति वादिभूषण के शिष्य थे। इन्होंने उक्त काव्य की रचना श्री नानू के आग्रह से की थी। नानू उस समय बंगाल के गवर्नर (राजपाल) महाराजा मानसिंह के प्रधान अमात्य थे। जब प्रधान अमात्य सम्मेद शिखर की यात्रा पर गये तो वहां इन्होंने जीर्णोद्धार भी कराया था। कवि स्वयं बंगाल प्रान्त के अकब्बरपुर नामक नगर के रहने वाले थे। इन्होंने ग्रन्थ को संवत १६५६ में समाप्त करके प्रधान मंत्री को भेंट किया था।

१३. **ज्ञानभूषण**—भट्टारक सकलकीर्त्ति के प्रशिष्य एवं भुवनकीर्त्ति के शिष्य थे। ज्ञानभूषण संस्कृत, हिन्दी और गुजराती के अच्छे विद्वान थे। इनका मूल निवास स्थान गुजरात था। इन्होंने भट्टारक बनने के पश्चात् अहीर, बागड़, तौलव, तैलंग द्राविड़, एवं महाराष्ट्र आदि दक्षिण के प्रान्तों और गांवों में ही विहार नहीं किया किन्तु उत्तरी भारत में भी घूम २ कर जैनधर्म का प्रचार किया। इनके द्वारा रचित तत्त्वज्ञान-तरंगिनी सुन्दर एवं सरस रचना है। आपने सिद्धान्तसारभाष्य एवं कर्मकाण्ड टीका भी लिखी है। हिन्दी भाषा में भी आपकी कई रचनायें मिलती हैं इनमें आदीश्वरफाग उल्लेखनीय है। आपका समय १५२५ से १५७५ तक अनुमानित किया गया है। तत्त्वज्ञान तरंगिणी का रचना काल सवत् १५६० है।

१४. **धर्मकीर्ति**—इन्होंने पद्मपुराण की रचना सरोजपुरी (मालवा) में की थी। भट्टारक ललितकीर्ति इनके गुरू थे। धर्मकीर्ति का नामोल्लेख अनेकप्रशस्तियों में हुआ है। इन्होंने उक्त ग्रन्थ को संवत् १६६९ में समाप्त किया था। संवत् १६७० की प्रति में लिपिकार ने इनको भट्टारक नाम से सम्बोधित किया है इससे यह ज्ञात होता है कि पद्मपुराण की रचना के पश्चात् ये भट्टारक बने थे।

१५. **आचार्य नरेन्द्रसेन**—इन्होंने सिद्धान्तसारसंग्रह की रचना की है। आप वीरसेन के प्रशिष्य एवं गुणसेन के शिष्य थे।

१६. **प्रभाचन्द्र**—परमार नरेश भोजदेव के उत्तराधिकारी महाराजा जयसिंहदेव के शासन काल में इन्होंने साहित्य निर्माण किया था। इन्होंने प्रमेयकमलमार्त्तण्ड एवं न्यायकुमुदचन्द्र जैसे उच्चकोटि के ग्रन्थों की रचना की है। महाकवि पुष्पदंत के आदिपुराण और उत्तरपुराण पर टिप्पणी लिखी है। इनके अतिरिक्त जैनेन्द्र व्याकरण, शब्दाम्भोजभास्कर, रत्नकरण्डटीका, क्रियाकलापटीका समाधितंत्रटीका, आत्मानुशासनतिलक, द्रव्यसंग्रह पंजिका, प्रवचनसरोजभास्कर, सर्वार्थसिद्धि टिप्पण आदि रचनायें भी इन्हीं की लिखी हुई हैं।

१७. **कायस्थ पद्मनाभ**—कायस्थ जाति में होने वाले जैन कवियों में आपका नाम उल्लेखनीय है। आपने महामुनि गुणकीर्ति के उपदेश से तोमर वंश में उत्पन्न राजा वीरमेन्द्र के शासन काल में रचनायें की थीं। वीरमदेव के महामात्य श्री कुशराज थे और इन्होंने ही पद्मनाभ को यशोधर की रचना करने के लिये उत्साहित किया। ग्रन्थ तैयार होने के पश्चात् संतोष नाम के जैसवाल ने उसकी बहुत प्रशंसा की तथा विजयसिंह जैसवाल के पुत्र पृथ्वीराज ने उक्त ग्रन्थ की अनुमोदना की थी। पद्मनाभ ने कुशराज के वंश का विस्तृत परिचय दिया है। कवि ने यशोधरचरित्र को १५ वीं शताब्दी के प्रथम काल में लिखा था।

१८. **भगवज्जिनसेनाचार्य**—ये हरिवंशपुराण के कर्त्ता आचार्य जिनसेन से भिन्न आचार्य हैं। इनके गुरु का नाम आचार्य वीरसेन था। जिनसेन अपने समय के महान विद्वान एवं सिद्धान्त के प्रकाण्ड ज्ञाता थे। इन्होंने धवला और जय धवला की टीका को पूर्ण करके जैन समाज का महान उपकार किया है। इन टीकाओं के अतिरिक्त आदिपुराण एवं पार्श्वाभ्युदय की भी रचना की। आचार्य महोदय ने आदिपुराण को पूर्ण करने से पहिले ही संसार से बिदा ले ली किन्तु आपके महान् कार्य को योग्य एवं प्रतिभाशाली शिष्य आचार्य गुणभद्र ने पूरा किया। आदिपुराण उच्च श्रेणी का प्रथमानुयोग महाकाव्य है।

१९ **पं० मेधावी**—श्री जिनचन्द्रसूरि के शिष्य थे। धर्मसंग्रहश्रावकाचार को हिसार नगर में प्रारम्भ करके नागपुर में संवत् १५४१ में समाप्त किया था। उस समय नागपुर पर फिरोजशाह का शासन था। मेधावी ने श्रावकाचार की समन्तभद्र, वसुनन्दि एवं आशाधर कृत श्रावकाचारों के अध्ययन के पश्चात् रचना की थी।

२०. **रामचन्द्र मुमुक्षु**—पुण्याश्रवकथाकोष के कर्त्ता श्री रामचन्द्र मुमुक्षु मुनि केशवनन्दि के शिष्य थे। पुण्याश्रवकथाकोष का जैन समाज में बहुत अधिक प्रचार है। इनके वंश परम्परा के सम्बन्ध में अधिक परिचय नहीं मिलता है।

२१. **रत्नमन्दिरगणि**—भोजप्रबन्ध के कवि श्री रत्नमन्दिर गणि तपोगच्छ के साधु थे। इनके गुरु का नाम सोमसुन्दरगणि था। इन्होंने अपनी रचना को संवत् १५१७ में समाप्त किया था।

२२. **वादिचन्द्र**—ज्ञानसूर्योदय नाटक के कारण वादिचन्द्र जैनसमाज में बहुत प्रसिद्ध हैं। उक्त नाटक की रचना प्रबोधचन्द्रोदय के आधार पर की गई है। ज्ञान सूर्योदय को इन्होंने संवत १६४८ में समाप्त किया था तथा इसके पश्चात् यशोधरचरित्र को संवत् १६५७ में रचा। इनका पवनदूत नामक एक खण्ड

काव्य भी है जिसकी पद्य संख्या १०१ है । इन्होंने अपने को प्रभाचन्द्र का शिष्य लिखा है ।

२३. **विवेकनन्दि**— इनका जन्म बघेरवाल जाति में हुआ था । इनके नाना श्री नारायण तथा माता सिजोणी थीं। त्रिभंगीसार की टीका पहिले श्रुतमुनि ने कर्णाटक भाषा में लिखी उसके पश्चात् सोमदेव ने उसका लाटी भाषा में परिवर्तन किया उसी के आधार पर इन्होंने संस्कृत में टीका का निर्माण किया था ।

२४. **ब्रह्म कामराज**— इनके गुरु का नाम पद्मनन्दि था और इन्हीं के उपदेश से इन्होंने जयकुमार पुराण की रचना की । कवि ने सकलकीर्ति की भट्टारक परम्परा में होने वाले भट्टारकों की अच्छी नामावली दी है । प्रशस्ति में इन्होंने अपने को भट्टारक नरेन्द्रकीर्ति का भी शिष्य लिखा है । पण्डित जीवराज ने उक्त ग्रन्थ को कवि से अनुरोध करके लिखवाया और फिर मन्दिर में स्थापित किया ।

२५. **ब्रह्मजिनदास**— भट्टारक सकलकीर्ति के प्रमुख शिष्य थे । अपने गुरु के समान इन्होंने भी हिन्दी संस्कृत, गुजराती आदि भाषाओं में रचनायें लिखी हैं । संस्कृत में इन्होंने १२ से अधिक ग्रन्थ रचना की है जिनमें हरिवंश पुराण, पद्मपुराण, जम्बूस्वामी चरित्र, हनुमच्चरित्र, व्रतकथा कोष आदि उल्लेखनीय हैं । हिन्दी में आदिनाथपुराण, श्रेणिक चरित्र, सम्यक्त्वरास, यशोधररास, धनपालरास, व्रतकथाकोष आदि रचनायें उल्लेखनीय हैं । इन पर गुजराती का अत्यधिक प्रभाव झलकता है ।

२६. **ब्रह्म नेमिदत्त**— ये अग्रवाल जाति के थे । गोयल इनका गोत्र था । मालव देश में आशानगर के रहने वाले थे । भट्टारक मल्लिभूषण इनके गुरु थे । संवत् १५८५ में इन्होंने श्रीपाल चरित्र की श्री शांतिदास के अनुरोध से रचना की थी । इसके अतिरिक्त सुदर्शनचरित्र एवं नेमिनाथपुराण आदि ग्रंथों की भी आपने रचना की है । सुदर्शनचरित्र में इन्होंने ग्रंथ समाप्ति के समय 'मल्लिभूषण शिष्याचार्य श्री सिंहनन्दि' यह विशेषण नहीं लगाया है और शेष दो में यह विशेषण मिलता है इससे यह मालूम पड़ता है कि सुदर्शनचरित्र इनकी सबसे पहिले की रचना थी ।

२७. **ब्रह्मरायमल्ल** — हूंबड़ जाति में इनका जन्म हुआ था । इनके पिता का नाम महीय एवं माता का नाम चंपा था। समुद्र तट पर स्थित ग्रीवापुर में इन्होंने भक्तामर स्तोत्र की वृत्ति को समाप्त किया था । संवत् १६६७ में रचित इस रचना के अतिरिक्त लेखक की अन्य रचना उपलब्ध नहीं है ।

२८. **ब्रह्मजित**— सुरेन्द्रकीर्ति के प्रशिष्य एवं विद्यानंदि के शिष्य थे । आपका जन्म गोलश्रृंगार जाति में हुआ था । इनके पिता का नाम वीरसिंह तथा माता का नाम पीथा था। हनुमच्चरित्र इनकी उल्लेखनीय रचना है ।

२९. **भट्टारक सोमसेन**— ये सेनगण के आचार्य गुणभद्र के शिष्य थे । इन्होंने पद्मपुराण की रचना बैराठ (जयपुर) प्रान्त के जिंतुरनगर में की थी । उक्त ग्रन्थ को इन्होंने शक संवत् १६५६ में निर्माण किया ऐसा वर्णन मिलता है । लेकिन इसी की एक लेखक प्रशस्ति में शक संवत् १६१६ दे रखा है ।

३०. **सकलकीर्त्ति**— १५ वीं शताब्दी के बड़े भारी विद्वान् एवं साहित्य सेवी थे । इन्होंने संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, गुजराती आदि भाषाओं का गहरा अध्ययन किया था । इन्होंने अपने आपको भट्टारक

पद्मनन्दि का शिष्य लिखा है। अपने जबरदस्त प्रभाव के कारण इन्होंने एक नयी भट्टारक परम्परा की स्थापना की। इनकी परम्परा में ब्रह्मजिनदास, ज्ञानभूषण, शुभचन्द्र आदि उच्च कोटि के साहित्य निर्माता हुये। इन्होंने सभी भाषाओं में साहित्य सर्जना की। आदिपुराण, धन्यकुमार चरित्र, पुराणसारसंग्रह, यशोधर चरित्र, वर्द्धमानपुराण, आदि रचनायें संस्कृत में णमोकारमन्त्रफलगीत, आराधनासार आदि रचनायें हिन्दी में लिखीं।

३१. **सकलभूषण**—भट्टारक शुभचन्द्र के समय के विद्वान् थे। इन्होंने भट्टारक शुभचन्द्र के पास ही अध्ययन किया और उन्हीं की देख रेख में ग्रन्थ रचना की। शुभचन्द्र ने करकण्डुचरित्र के निर्माण में इनसे काफी सहायता ली थी। सकलभूषण भट्टारक वादीभसिंह के शिष्य एवं सुमतिकीर्ति के बड़े भाई थे। सन् १६२७ में इन्होंने स्वतन्त्र रूप से उपदेशरत्नमाला नामक ग्रंथ का निर्माण किया। रचना सुन्दर एवं सरस है।

३२. **सोमकीर्त्ति**— भट्टारक रामसेन की शिष्य परम्परा में से भट्टारक भीमसेन के शिष्य थे। इन्होंने संवत् १५३० में प्रद्युम्नचरित्र को समाप्त किया था।

३३. **सोमप्रभसूरि**— सिन्दूर प्रकरण कवि की रचना है। इसमें अच्छी २ सूक्तियां हैं। इसका हिन्दी अनुवाद महाकवि बनारसीदास एवं कौंरपाल ने मिलकर किया था। इसी से उक्त रचना का महत्त्व जाना जा सकता है। इसका दूसरा नाम सूक्तमुक्तावली भी है। कवि ने विजयसिंहाचार्य के चरण कमलों में बैठ कर इसकी रचना की थी।

३४. **श्रुतसागर**— ये १६ वीं शताब्दी के विद्वान् थे। इनके गुरु का नाम विद्यानंदि था। श्रुतसागर ने अपने को कलिकालसर्वज्ञ, कलिकालगौतम, उभयभाषाकविचक्रवर्ति, व्याकरणकमलमार्तण्ड आदि अनेक विशेषणों से अलंकृत किया है। इन्होंने अधिकांश ग्रन्थों की टीका लिखी है उनमें से यशस्तिलकचन्द्रिका, तत्त्वार्थवृत्ति जिनसहस्रनामटीका औदार्यचिन्तामणि, महाभिषेकटीका, व्रतकथाकोष आदि रचनायें उल्लेखनीय हैं।

३५. **शुभचन्द्र**—भट्टारक शुभचन्द्र १६-१७ वीं शताब्दी के महान् साहित्य सेवी थे। भट्टारक सकलकीर्त्ति की परम्परा में आपका स्थान सर्वश्रेष्ठ है। षटभाषाकविचक्रवर्ति, त्रिविधविद्याधर आदि विशेषणों से आप जनता द्वारा विभूषित किये गये थे। आपने सिद्धान्त एवं पुराण साहित्य का गम्भीर अध्ययन किया था। इन्होंने संस्कृत में ४० से भी अधिक ग्रन्थों की रचना की है। इनमें से चन्द्रप्रभचरित्र, जीवंधर चरित्र, पाण्डवपुराण श्रेणिकचरित्र, स्वामीकार्त्तिकेयानुप्रेक्षा की टीका आदि उल्लेखनीय हैं।

३६. **हर्षकीर्त्ति**— इन्होंने योगचिन्तामणि ग्रन्थ का संग्रह किया था। यह आयुर्वेद का प्रसिद्ध ग्रन्थ माना जाता है। इनका सम्बन्ध नागपुर के तपोगच्छ से था तथा चन्द्रकीर्त्ति इनके गुरु थे।

प्राकृत—अपभ्रंश ग्रन्थों के लेखक

३७. **स्वयंभु**—अपभ्रंश भाषा के आचार्यों में आप सबसे प्राचीन आचार्य हैं। इनके पिता का नाम

मारुतदेव तथा माता का नाम पद्मिनि था। इनका सबसे छोटा पुत्र त्रिभुवन स्वयंभु था। स्वयंभु ने गृहस्थावस्था में ही साहित्य निर्माण किया। इन्होंने तथा त्रिभुवन स्वयंभु ने मिलकर तीन ग्रन्थों की रचना की – पउमचरिय, रिट्ठणेमिचरिउ या हरिवंशपुराण, पंचमिचरिउ। तीसरा ग्रन्थ अभी तक उपलब्ध नहीं हो सका है। अपभ्रंश भाषा के उपलब्ध साहित्य में स्वयम्भु की रचनायें सबसे प्राचीन हैं। रचनायें साहित्य की सभी दृष्टियों से परिपूर्ण मानी जाती हैं। ये कवि रविषेणाचार्य के पीछे हुये हैं। विद्वानों ने इनको ९वीं शताब्दी का कवि माना है।

३८. **पद्मकीर्ति**--माधवसेन के प्रशिष्य एवं जिनसेन के शिष्य थे। ये मुनि थे। संवत् ९९९ में इन्होंने पार्श्वनाथ-चरित्र की रचना समाप्त की थी। अपभ्रंश भाषा का यह बहुत पुराना काव्य है। इसमें १८ संधियां हैं। संवत् १४९६ की लिखित उसकी एक प्रति भण्डार में है।

३९. **पुष्पदंत**---अपभ्रंश भाषा के सर्व श्रेष्ठ महाकवि माने जाते हैं। ये काश्यप गोत्रीय ब्राह्मण थे। इनके पिता का नाम केशवभट्ट और माता का नाम मुग्धा देवी था। राष्ट्रकूटों की राजधानी मान्यखेट में रहकर इन्होंने साहित्य निर्माण का पवित्र कार्य किया था। कवि के आश्रयदाता महामात्य भरत और नन्न थे। ये दोनों पिता पुत्र थे और महाराजा कृष्णराज (तृतीय) के महामात्य थे। अभिमानमेरु, अभिमानचिन्ह, काव्यरत्नाकर, कविकुलतिलक सरस्वतीनिलय आदि इनकी पदवियाँ थीं। महाकवि की तीन रचनायें मिलती हैं। महापुराण के दो खंड हैं एक आदिपुराण और दूसरा उत्तरपुराण। नागकुमार चरित्र एक खण्ड काव्य है और यशोधर चरित्र भी इसी तरह एक खन्ड काव्य है। विद्वानों ने इनको ११वीं शताब्दी का विद्वान् माना है।

४०. **हरिषेण**---इन्होंने अमितिगति के २६ वर्ष पहिले संवत् १०४४ में धर्मपरीक्षा को समाप्त किया था। ये मेवाड़ देश में श्रीउजपुर ग्राम के रहने वाले थे। इनके पितामह का नाम कुसलु, पिता का नाम गोवर्द्धन एव माता का नाम धनवती था। सिद्धसेन इनके गुरु थे। इन्होंने मंगलाचरण में चतुर्मुख, स्वयंभु, तथा पुष्पदंत का भी स्मरण किया है। धर्मपरीक्षा में कुल ११ संधियां हैं तथा यह अपभ्रंश भाषा की उत्तम रचना है।

४१ **महाकवि वीर**---कवि वीर के पिता गुडखेड देश के निवासी थे। इनका वंश अथवा गोत्र लाड बागड था। यह काष्ठा संघ की एक शाखा है। इनके पिता का नाम देवदत्त था। कविवर का बहुत समय राज्यकार्य, धर्म और अर्थ की चर्चा में समाप्त होता था। इसलिये कवि को जम्बूस्वामी चरित्र लिखने में एक वर्ष लगा था। कवि ने इसको संवत १०७६ माघ शुक्ला दशमी के दिन समाप्त किया था। कवि भक्ति रस के प्रेमी भी थे। इन्होंने मेघबन में पत्थर का एक विशाल जिनमन्दिर बनवाया था। इनके ४ स्त्रियां जिनवती, पोमावती, लीलावती, और जयादेवी और नेमिचन्द्र नामका एक पुत्र भी था।

४२ **श्रीचन्द**---ये १२वीं शताब्दी के कवि थे। इन्होंने रत्नकरण्ड को संवत् ११२० में समाप्त किया था। ये मुनी थे और इसी अवस्था में इन्होंने अपने ग्रन्थ को समाप्त किया था। श्रीवालपुर के शासक कर्ण

नरेन्द्र के अध्ययन के लिये ग्रन्थ रचना की थी। कर्ण नरेन्द्र का उल्लेख मुनी कनकामर ने भी किया है। कवि ने अपने पूर्ववर्ति आचार्यों—वीरनन्दि, समंतभद्र, विद्यानन्दि, वीरसेन, जिनसेन, गुणभद्र, सोमदेव, स्वयंभु, पुष्पदंत, श्रीधर आदि का उल्लेख किया है। कवि श्रुतकीर्ति के शिष्य थे।

४३. **नयनन्दि**—महाकवि स्वयम्भु एवं पुष्पदंत के पश्चात् इनका नाम अपभ्रंश के श्रेष्ठ कवियों में गिना जाता है। इनके दो महाकाव्य मिलते हैं, सुदर्शन चरित्र और सकलविधिविधान और ये दोनों ही सभी दृष्टियों से उच्च श्रेणी के काव्य हैं। सुदर्शन चरित्र की रचना इन्होंने संवत् ११०० में भोजदेव के राज्य में की थी। सकलविधिविधानकाव्य को इन्होंने आचार्य हरिसिंह के अनुरोध से बनाया था। इस काव्य में आपने वररुचि, वामन, कालिदास, बाण, मयूर, जिनसेन, श्रीहर्ष, राजशेखर, पाणिनी, प्रवरसेन, वीरसेन, अकलंक रुद्र गोविंद, भामह, भारवि, चउमुह स्वयंभु, पुष्पदंत, श्रीचन्द, प्रभाचन्द्र आदि आचार्यों का स्मरण किया है। नयनंदि आचार्य माणिक्यनन्दि के शिष्य थे। कवि ने धारा नगरी एवं राजा भोज का अच्छा ऐतिहासिक वर्णन किया है। इन दोनों काव्यों के आधार पर कितने ही ऐतिहासिक तथ्यों की खोज की जा सकती है।

४४—**श्रीधर** — अपभ्रंश भाषा के महाकवि पं० श्रीधर १२ वीं शताब्दी के विद्वान् थे। इनके द्वारा लिखित ३ रचनायें उपलब्ध हैं, पार्श्वनाथचरित्र, भविष्यदत्तचरित्र तथा सुकुमालचरित्र। पार्श्वनाथचरित्र को संवत् ११८६ में भविष्यदत्त को १२३० में तथा सुकुमालचरित्र को संवत् १२०८ में समाप्त किया था। इनके अतिरिक्त अन्य कितनी रचनायें अपभ्रंश में लिखीं, इसका कोई निश्चित प्रमाण नहीं मिला है। ये कायस्थ जाति के थे और माथुर कुल में पैदा हुये थे। इनके पिता का नाम नारायण एवं माता का नाम रूपिणी था। ये देहली के रहने वाले थे। इन्होंने दिल्ली को 'ढिल्ली' नाम से सम्बोधित किया है। अपने प्रथम महाकाव्य को इन्होंने नट्टल साह के आग्रह से लिखा था। उस समय नट्टल साह सारे भारत में प्रख्यात थे। कवि ने लिखा है कि अंग बंग कलिंग आदि सभी देश में आपकी कीर्त्ति व्याप्त थी।

४५—**महाकवि अमरकीर्त्ति** — इन्होंने संवत् १२७४ में षट्कर्मोपदेशरत्नमाला को समाप्त किया था। रचना बहुत ही सुन्दर एवं प्रिय है। इनकी रचना के आधार पर ही पीछे के संस्कृत कवियों ने अनेक रचनायें लिखीं। इनकी माता का नाम चच्चिणी एवं पिता का नाम गुणपाल था।

४६—**कनकामर** — ये मुनि थे। इन्होंने अपने गुरु का नाम पं० मंगलदेव लिखा है। ये ब्राह्मण वंश के चन्द्र ऋषि गोत्र में उत्पन्न हुये थे और वैराग्य लेकर दिगम्बर मुनि बन गये थे। करकण्डु चरित्र को इन्होंने 'आसाइप' नगरी में लिखा था। कवि ने अपनी रचना में सिद्धसेन, समंतभद्र, अकलंक, जयदेव, स्वयंभु और पुष्पदंत का उल्लेख किया है। कनकामर ने अपनी रचना में कर्ण नरेन्द्र का उल्लेख किया है। इन्हीं के आश्रित श्रीचन्द कवि भी थे जिन्होंने रत्नकरण्ड को ११२० में समाप्त किया था। इसी के आधार पर इनका समय १२वीं शताब्दी निश्चित होता है।

४७—**यशःकीर्त्ति** — अपभ्रंश साहित्य में यशःकीर्त्ति द्वारा लिखित दो काव्य मिलते हैं—पाण्डवपुराण तथा चन्द्रप्रभचरित्र। यशःकीर्ति मुनि थे और इसी अवस्था में इन्होंने दोनों काव्यों की रचना की थी।

पाण्डवपुराण को इन्होंने संवत् ११७६ कार्त्तिक शुक्ला अष्टमी के दिन समाप्त किया था। इस काव्य को अग्रवाल वंश में उत्पन्न साधु पील्हा के सुपुत्र श्री हेमराज ने नवगावपुर में लिखवाया था। चन्द्रप्रभचरित्र गुज्जरदेश के निवासी सिद्धपाल के अनुरोध से लिखा गया था। ये गुणकीर्त्ति के शिष्य थे। चन्द्रप्रभचरित्र में इन्होंने 'महाकवि' विशेषण से अपने आपको अलंकृत किया है।

४८—पं० लाखू — इन्होंने संवत् १२७५ में जिनदत्त चरित्र को समाप्त किया था। ये जैसवाल जाति में उत्पन्न हुये थे। इनके पिता का नाम साहु साहुल था। इनका दूसरा नाम लक्खण भी था। आपका सन्मान करने वालों में श्रीधर श्रावक उल्लेखनीय हैं और इन्हीं के अनुरोध के कारण पं० लाखू ने जिनदत्त चरित्र की रचना की थी। श्रीधर उस समय काफी प्रसिद्ध थे।

४९—गणिदेवसेन — अपभ्रंश भाषा में इन्होंने सुलोचना चरित्र लिखा है। ये विमलसेन के शिष्य थे। सुलोचना चरित्र अपभ्रंश की प्राचीन रचना है।

५०—जयमित्रहल — इन्होंने अपभ्रंश में वर्द्धमान चरित्र लिखा है। इनके पिता का नाम सहदेव था। कवि ने अल्लाउद्दीन खिलजी के शासन का उल्लेख किया है। इस आधार पर कवि का समय १३ वीं शताब्दी होता है। इनके गुरु मुनि पद्मनन्दि थे।

५१—धर्मदासगणि — प्राकृत भाषा में इनके द्वारा रचित उपदेशमाला श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों सम्प्रदायों में ही बहुत प्रिय रही है। उक्त रचना पर २२ से अधिक टीकायें मिलती हैं इससे ही कृति की प्रियता जानी जा सकती है। धर्मदासगणि का समय १० वीं शताब्दी या इससे भी पूर्व का माना जाता है।

५२—नरसेन — वर्द्धमान कथा और श्रीपालचरित्र इन दो काव्यों की इनने रचना की है। कवि ने रचनाओं में नाम के अतिरिक्त अपना अधिक परिचय नहीं दिया। नरसेन स्वयं पंडित थे और गृहस्थावस्था में ही रहकर काव्य रचना की थी। ये १४ वीं अथवा १५ वीं शताब्दी या इससे पूर्व के कवि होंगे, क्योंकि संग्रह में १५१२ में लिखी हुई श्रीपाल चरित्र की एक प्रति मिलती है।

५३—महाकवि सिंह या सिद्ध— इनके पिता का नाम रल्हण था। कवि गुज्जर कुल के सूर्य थे। प्रद्युम्न चरित्र को इन्होंने अपनी माता के अनुरोध से बनाया था। कवि अमृतचन्द्र (अमियचन्द्र) के शिष्य थे।

५४—महाकवि धनपाल— ये १५वीं शताब्दी के कवि थे। इनके द्वारा लिखित बाहुबलिचरित्र तथा भविष्यदत्तचरित्र १५वीं शताब्दी की रचनायें हैं। महाकवि ने बाहुबलिचरित्र काव्य के प्रारम्भ तथा अन्त में बहुत सुन्दर प्रशस्ति लिखी है। ये गुर्ज्जर देश के रहने वाले थे। पिल्हणपुर इनका निवास स्थान था। उस समय वहां वीसलदेव राजा राज्य करते थे। इनके पिता का नाम सुहदेव तथा माता का नाम सुहदा था। ये पोरवर जाति में उत्पन्न हुये थे। इन्होंने दिल्ली को योगिनीपुर लिखा है तथा वहां

के शासक का नाम महम्मदसाह लिखा है। ग्रंथ को लिखाने वाले श्रावक का कवि ने विस्तृत परिचय दिया है। इन सब के अतिरिक्त कवि ने अपने पूर्ववर्ती महाकवियों का नामोल्लेख उनकी कृतियों के साथ साथ किया है।

५५—धनपाल (द्वितीय)—महाकवि धनपाल से ये भिन्न कवि हैं। इनका जन्म धक्कडवाण वंश में हुआ था। इनके पिता का नाम माएसर तथा माता का नाम धनश्री था। इनके द्वारा लिखित भविष्यदत्त चरित्र अपभ्रंश भाषा के प्रकाशित होने वाले काव्यों में सर्व प्रथम है।

५६—पंडित रइधू— अपभ्रंश भाषा में सबसे अधिक रचनायें लिखने वालों में पं० रइधू का नाम सर्व प्रथम आता है। इनके काव्यों में उच्च साहित्य के दर्शन होते हैं। इनके गुरु का नाम गुणकीर्ति था। ये ग्वालियर के निवासी थे और अधिकांश साहित्य का निर्माण उक्त स्थान पर ही किया था। इन्होंने आत्मसंबोधन काव्य, धनकुमारचरित्र, पद्मपुराण, मेघेश्वरचरित्र, श्रीपाल चरित्र, सन्मतिजिनचरित्र, नेमिनाथचरित्र, आदि-पुराण, यशोधरचरित्र, जीवंधरचरित्र, पार्श्वनाथपुराण, सुकौशलचरित्र आदि २५ से अधिक की रचना की हैं। इन्होंने प्रत्येक ग्रन्थ के अन्त में अपने संक्षिप्त परिचय के अतिरिक्त ग्रन्थ लिखाने वाले का विस्तृत परिचय दिया है और इसके साथ साथ वहां के राज्य शासन का भी इतिहास लिखा है। इनके समय में ग्वालियर पर तोमर वंश के महाराज श्री डूंगरेन्द्र सिंहजी का शासन था तथा वहां के राजकुमार का नाम कीर्तिपाल था। इनका समय १५ वीं शताब्दी का अनुमानित किया गया है।

५७—श्रुतकीर्त्ति— ये १६ वीं शताब्दी के विद्वान थे। ये देवेन्द्रकीर्तिके प्रशिष्य एवं त्रिभुवनकीर्ति के शिष्य थे। मालवा प्रान्त में मंडवगढ इनका निवास स्थान था। इन्होंने हरिवंश पुराण की रचना संवत् १५५२ में समाप्त की थी तथा परमेष्ठिप्रकाशसार को सवत् १५५३ में समाप्त किया था। दोनों ही काव्य भाषा की दृष्टि से उत्तम हैं।

५८—माणिक्कराज— ये जैसवाल जाति में उत्पन्न हुये थे। इनकी माता का नाम बसुंधरा था। माणिक्कराज के गुरु पद्मनन्दि थे इनके पहिले पांच आचार्य हो गये थे। इन्होंने दो चरित्र काव्यों की रचना की है अमरसेन चरित्र को सं० १५७६ चैत सुदी ५ के दिन रोहतक में देवराज चौधरी के आग्रह से समाप्त किया था तथा नागकुमार चरित्र को संवत् १५७६ फाल्गुण सुदी ६ के दिन संपूर्ण किया था। इसमें जगसी के पुत्र साहु टोडरमल्ल का विस्तृत परिचय एवं प्रशंसा की गयी है। श्री टोडर मल्ल के पढने के लिये ही उक्त चरित्र का निर्माण करना पडा था। दोनों ही काव्य अपभ्रंश की सुन्दर रचनायें हैं।

५९—भगवतीदास— ये देहली के भट्टारक गुणचन्द्र के प्रशिष्य तथा भट्टारक महेन्द्रसेन के शिष्य थे। हिसार, सहिजादपुरा, संकिसा, कपिस्थल आदि स्थानों में रहने के पश्चात् ये दिल्ली में आकर रहने लगे थे। इनके पूर्वज अम्बाला जिले के बूढिया नामक ग्राम के निवासी थे। ये अग्रवाल दि. जैन थे। अपभ्रंश भाषा में

इन्होंने मृगांकलेखा चरित्र लिखा है। जिसको संवत् १७०० में समाप्त किया था। यह अपभ्रंश भाषा का अन्तिम काव्य है। ये हिन्दी के अच्छे विद्वान् थे। हिन्दी में इनकी २० से अधिक रचनायें मिलती हैं।

हिन्दी साहित्य के कवि एवं लेखक

६०—**किशनसिंह** — कवि रामपुर के निवासी संगही कल्याण के पौत्र तथा आनन्दसिंह के पुत्र थे। ये खण्डेलवाल जाति में उत्पन्न हुये थे तथा पाटनी इनका गोत्र था। कवि रामपुर को छोड कर सांगानेर आकर रहने लगे थे और यहीं पर त्रेपनक्रियाकोश को संवत् १७८४ में समाप्त किया था। इस रचना के अतिरिक्त भद्रबाहुचरित्र एवं रात्रिभोजनकथा भी इन्हीं के द्वारा लिखी हुई है।

६१—**कुमुदचन्द्र** — ये भट्टारक रत्नकीर्ति के शिष्य थे। इन्होंने भी त्रेपनक्रियाविनती, ऋषभविवाहलो, भरतबाहुबलिछन्द आदि रचनायें लिखी हैं। भरतबाहुबलिछन्द कवि की सुन्दर रचना है इसको इन्होंने संवत् १६०७ में समाप्त किया था।

६२—**कुसुललाभगणि** — संवत १६१६ में जैसलमेर में इन्होंने 'माधवानलचौपाई' को पूर्ण की थी। ये श्वेताम्बर सम्प्रदाय के साधु थे।

६३—**खडगसेन**— ये लाभपुर (लाहोर) के निवासी थे। लाहोर में उस समय अच्छे२ विद्वान् रहते थे। उन्हीं की संगति से इनको लिखने की इच्छा उत्पन्न हुई। इनके पिता का नाम लूणराज था। कवि के पूर्वज पहले नारनौल में रहा करते थे। यहीं से लाहौर जाकर रहने लगे थे। नारनौल में चतुर्भुज बैरागी के पास शिक्षा प्राप्त कर तथा अनेक ग्रन्थों का अध्ययन करके त्रिलोकदर्पण को संवत् १७१३ में सम्पूर्ण किया था।

६४—**खुशालचन्द काला**— भट्टारक लक्ष्मीदास के पास इन्होंने विद्याध्ययन किया था। इनका मूल निवास स्थान देहली था। लेकिन सांगानेर भी कभी२ आकर रहा करते थे। इनके पिता का नाम सुन्दर एवं माता का नाम अभिधा था। इन्होंने हरिवंशपुराण (१७८०), पद्मपुराण (१७८३), धन्यकुमारचरित्र, जम्बूचरित्र, व्रतकथाकोश आदि ग्रन्थों की रचना की है।

६५—**चतुरूमल**— ये ग्वालियर के निवासी थे। इनके पिता का नाम जसवंत था। इन्होंने संवत १५७१ में नेमीश्वर गीत' को समाप्त किया था। इनके समय में ग्वालियर के शासक महाराजा मानसिंह थे। नेमीश्वर गीत एक साधारण रचना है।

६६. **छीतर ठोलिया**— ये मोजमाबाद के रहने वाले थे। इन्होंने होली की कथा को संवत् १६६० में समाप्त की थी। उस समय जयपुर के राजा मानसिंह का वहां राज्य था। रचना साधारण है।

६७. **जयसागर**—ये भट्टारक महीचन्द्र के शिष्य थे। गंधार नगर के भट्टारक श्री मल्लिभूषण की शिष्य-

परम्परा से इनका सम्बन्ध था। हूंबड जाति में उत्पन्न श्री रामा तथा उसके पुत्र के पढ़ने के लिये संवत् १७३२ में इन्होंने 'सीताहरण' नामक काव्य की रचना की थी।

६८. **जोधराज गोदीका**—ये सांगानेर के निवासी थे। इनके पिता का नाम अमरराज था। हरिनाम मिश्र के पास रह कर इन्होंने प्रीतिंकर चरित्र, कथाकोष, धर्मसरोवर, सम्यक्त्वकौमुदी, प्रवचनसार, भावदीपिका आदि रचनायें लिखी थीं।

६९. **जगतराय**—ये आगरे के निवासी थे। इनके पिता का नाम नंदलाल था। सिंघल इनका गोत्र था। संवत् १७२२ में इन्होंने पद्मनंदिपंचविंशिका को समाप्त किया था। इसके अतिरिक्त आगम विलास एवं सम्यक्त्वकौमुदी आदि भी इन्हीं की लिखी हुई हैं।

७०. **टीकम**—इन्होंने संवत् १७१२ में चतुर्दशीचौपई नामक रचना समाप्त की थी। ये 'कालख' (जयपुर) के रहने वाले थे। आप धार्मिक चर्चाओं के अच्छे जानकार थे।

७१. **ठकुरसी**—इन्होंने 'कृपणचरित्र' तथा 'पंचेंद्रिय बेल' ये दो रचनायें लिखी हैं। दोनों ही भाषा और भावों की दृष्टि से उत्तम रचनायें हैं। पचेंद्रिय बेल को कवि ने संवत् १५८५ में समाप्त किया था। इनके पिता का नाम घेल्ह था और ये भी अच्छे कवि थे।

७२. **त्रिभुवनचन्द्र**—ये महाकवि बनारसीदास एवं रूपचन्द के समकालीन कवि थे। इन्होंने अनित्यपंचाशत, प्रस्ताविकदोहे, षट्द्रव्यवर्णन, फुटकरकवित्त आदि रचनायें लिखी हैं। सभी रचनायें उच्चकोटि की हैं।

७३. **दीपचन्द कासलीवाल**—ये सांगानेर के रहने वाले थे लेकिन फिर आमेर आकर रहने लगे थे। इन्होंने गद्य और पद्य दोनों ही प्रकार का साहित्य लिखा है। चिद्विलास, गुणस्थानभेद, अनुभवप्रकाश आदि गद्य में तथा अध्यात्म पच्चीसी, द्वादशानुप्रेक्षा, परमात्मपुराण आदि पद्य में इनकी रचनायें मिलती हैं। चिद्विलास को इन्होंने संवत् १७७९ में समाप्त किया था।

७४. **पं० दौलतरामजी**—ये मूल निवासी बसवा के थे। जयपुर के महाराजा का इन पर विशेष प्रेम था। ये उदयपुर में महाराजा की ओर से राज्य कार्य करते थे। श्रावकों की संगति से इनको जैन ग्रन्थों के अध्ययन की रुचि हुई। धीरे धीरे इनकी रुचि बढ़ती गई और ये अपना अधिकांश समय साहित्य-सर्जना में ही लगाने लगे। इन्होंने पुण्याश्रवकथाकोश, क्रियाकोश, अध्यात्मबारहखड़ी, वसुनन्दिश्रावकाचार की टीका तथा पद्मपुराण की भाषा लिखी है। वसुनन्दिश्रावकाचार की टब्बा टीका इन्होंने उदयपुर में बेलजी सेठ के अनुरोध से की थी। ये श्री आनन्दराम के पुत्र थे। संवत् १८०० के पूर्व ही इन्होंने

रचनायें लिखी हैं ।

७६—देवेन्द्रकीर्त्ति— ये भट्टारक सकलकीर्त्ति की शिष्य परम्परा में होने वाले भट्टारक पद्मनन्दि के शिष्य थे । इन्होंने सूरत निवासी संघपति श्री चेमजी के अनुरोध से महेश्वरनगर में प्रद्युम्नप्रबन्ध को संवत् १७२२ में समाप्त किया था । प्रबन्ध की भाषा साधारण है ।

७७—दिलाराम—इनके पूर्वज बडेले के रहने वाले थे । वहां से बूंदी नरेश के अनुरोध से बूंदी आकर रहने लगे थे । इनका गोत्र पाटणी था । कवि ने बूंदी नगर तथा वहां के राजवंश की खूब प्रशंसा लिखी है । इसके अतिरिक्त अपने वंश का भी अच्छा परिचय लिखा है । इन्होंने दिलारामविलास और आत्म-द्वादशी ये दो रचनायें लिखी हैं । कवि ने दिलारामबिलास को संवत् १७६८ में समाप्त किया था । इनकी वर्णन शैली अच्छी है ।

७८—धर्मदास— कवि बारहसेनी (द्वादशश्रेणी) जाति में उत्पन्न हुये थे । इनके पूर्वज अपने प्रान्त में बहुत ही प्रतिष्ठित थे । इनके पिता का नाम राम और माता का नाम शिवी था । कवि ने धर्मोपदेशश्रावकाचार को १५७८ में समाप्त किया था । रचना की भाषा बड़ी सुन्दर है । इसमें जैन धर्म के मुख्य २ सिद्धान्तों को बड़ी ही अच्छी तरह से समझाया गया है ।

७८. **नथमल बिलाला**— ये मूल निवासी आगरे के थे किन्तु बाद में भरतपुर में और अन्त में हीरापुर आकर रहने लगे थे । इनके पिता के नाम शोभाचन्द था । इनने सिद्धान्तसारदीपक की रचना भरतपुर में सुखराम की सहायता से की थी और भक्तामर की भाषा हीरापुर में पं० लालचन्द जी की सहायता से की थी । इनके अतिरिक्त जिनगुणविलास, नागकुमारचरित्र, जीवंधरचरित्र, जम्बूस्वामीचरित्र आदि भी आपकी ही कृतियां हैं ।

७९. **नरेन्द्रकीर्त्ति**— भट्टारक शुभचन्द्र के प्रशिष्य एवं सुमतिकीर्ति के शिष्य थे । इन्होंने नेमीश्वर चन्द्रायण लिखा है जो एक साधारण कृति है ।

८०. **नेमिचन्द**— ये भट्टारक जगत्कीर्त्ति के शिष्य थे । आमेर इनका निवास स्थान था । संवत १७९३ में इन्होंने हरिवंशपुराण की रचना की थी । कवि ने आमेर का बहुत सुन्दर वर्णन किया है । कवि के छोटे भाई का नाम झगडू था । इनका गोत्र सेठी था । कवि के रूपचन्द, डूंगरसी, लक्ष्मीदास, दोदराज आदि शिष्य थे ।

८१. **प्रभाचन्द्र मुनि**— इन्होंने अपने को मुनि धर्मचन्द्र का शिष्य लिखा है । प्रभाचन्द्र ने तत्त्वार्थसूत्र की हिन्दी टीका लिखी है । इनके समय के सम्बन्ध में विशेष ज्ञात नहीं हो सका है । तत्त्वार्थसूत्र भाषा की एक प्रति संवत् १८०३ की लिखी हुई शास्त्र भण्डार में है ।

८२. **पांडे जिनदास**—— ब्रह्म शांतिदास के पास इन्होंने शिक्षा प्राप्त की थी। ये मथुरा के रहने वाले थे। यहीं रहते हुए संवत् १६४२ में जम्बूस्वामी चरित्र को समाप्त किया था। आपकी एक अन्य रचना जोगी रासो भी है जिसकी भाषा एवं शैली उत्तम है।

८४. **पांडे रूपचंद**—— इन्होंने सोनगिरि में संवत् १७२१ में महाकवि बनारसीदास कृत समयसार की गद्य टीका लिखी थी। सोनगिरि में श्री जगन्नाथ श्रावक रहते थे और उन्हीं के अध्ययन के लिये कवि को पद्य से गद्य में अनुवाद करना पड़ा। ग्रन्थ की भाषा सुन्दर एवं प्रौढ है।

८५. **परिमल्ल**—— इनके पितामह का नाम रामदास एवं पिता का नाम आस्तिमल्ल था। ये विरहिया जाति के थे। इनके पूर्वज ग्वालियर के रहने वाले थे। स्वयं परिमल्ल आगरे में रहते थे। इन्होंने अकबर के शासन काल में श्रीपालचरित्र की रचना की थी।

८६—**बनारसीदास** —— जैन हिन्दी साहित्य के सूर्य महाकवि बनारसीदास १७वीं शताब्दी के विद्वान् थे। ये आगरे के निवासी थे। माता पिता की एक मात्र सन्तान होने के कारण इनका विवाह बचपन में ही हो गया था। ये प्रतिभा सम्पन्न कवि थे प्रारम्भ से ही इनको कविता करने का शौक था। यौवनावस्था में ये संसारिक झगड़ों में फंसे रहे। इसी अवस्था में इन्होंने नवरस पद्यावली नामक पुस्तक की रचना की लेकिन जब उसकी असत्यता मालूम हुई तो इन्होंने उसे गोमती नदी में बहा दिया। इसके पश्चात् इनका झुकाव आध्यात्मिकता की ओर हुआ और फिर नाममाला, नाटक समयसार, बनारसीविलास, एवं अर्द्ध कथानक का निर्माण किया। कवि की सभी कृतियां उच्च कोटि की हैं।

८७—**भैय्या भगवतीदास** —— ये आगरे के रहने वाले थे। इनके पिता का नाम लालजी था। ये ओसवाल जैन थे तथा कटारिया इनका गोत्र था। महाकवि बनारसीदास के समान ये भी प्रतिभा सम्पन्न कवि थे। कवि हिन्दी, संस्कृत, फारसी, गुजराती आदि सभी भाषाओं के विद्वान् थे। हिन्दी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं में भी इनकी कवितायें मिलती हैं। आपकी कविता अलंकार एवं प्रसाद गुण से ओत प्रोत रहती है।

८८. **भूधरदास** —— ये आगरे के रहने वाले थे। खण्डेलवाल जाति में इनका जन्म हुआ था। इनकी ३ रचनायें उपलब्ध हैं—पार्श्वपुराण, जैनशतक तथा पद संग्रह। ये कवि ही नहीं थे, किन्तु जैन सिद्धान्त के अच्छे विद्वान् भी थे। पार्श्वनाथपुराण इनका बहुत ही सुन्दर काव्य ग्रन्थ है। इनके बनाये हुये पद जैन समाज के अत्यधिक प्रिय हैं।

८९. **मनोहरदास** —— ये धामपुर के निवासी थे। आसू साह के यहां इनका आश्रय था। सेठ के सम्बन्ध में इन्होंने बड़ी मनोरंजक घटना लिखी है। सेठ की दरिद्रता आने के कारण वह बनारस से अयोध्या चले गये किन्तु वहां के सेठ ने उन्हें खूब सम्मान तथा अतुल सम्पत्ति देकर वापिस ही विदा कर दिया।

कवि ने हीरामणि के उपदेश से धर्मपरीक्षा की रचना की थी। आगरा निवासी सालिवाहण, हिसार के जगदत्तमिश्र तथा उसी नगर में रहने वाले गंगराज के अनुरोध से धर्म परीक्षा की रचना की गयी थी।

९०. **राजमल्ल** — उपलब्ध हिन्दी जैन गद्य के सबसे प्राचीन लेखक हैं। इन्होंने संवत १६०० के आस पास समयसार की हिन्दी टीका लिखी थी। समयसार के पठन पाठन को इन्होंने ही टीका लिख कर सुगम बनाया था। महाकवि बनारसीदास ने भी इन्हीं की टीका के आधार पर समयसार नाटक की रचना की थी।

९१. **रूपचंद** — कविवर रूपचंद पांडे रूपचन्दजी से भिन्न हैं। इनको महाकबि बनारसीदास ने गुरु के समान माना है। आप एक उच्च कोटि के कवि थे। कविता की भाषा और शैली बहुत ही उत्कृष्ट है। कवि की अभी तक परमार्थ दोहा शतक, परमार्थगीत, पदसंग्रह, गीतपरमार्थी, पंचमंगल एवं नेमिनाथरासो आदि रचनायें उपलब्ध हुई हैं। आप भी आगरे के ही रहने वाले थे।

प्रशस्ति—

संवत सतरासें बतीसा, भादवा मास सुकल पख तीज।
सोमवार सुभ बेला घटी, तब यह कथा बंचे कस्यौ करी ॥ १ ॥
जैसा विधि श्री गुर कह्यो, तैसा ही सगला सर रही।
सुभचन्द्र भट्टारक भलो, बराड देस मही छै निलो ॥ २ ॥
सभा मांहि घणा बैण साह, खरचै द्रव्य पुनि को लाह।
चोरजी संगही विद्यावंत, धनजी लालचद गुणवंत ॥ ३ ॥
सब ही मिलि यौ कारिज कियो, भामा श्रावग ने पोरिस दियो।
कीजै वाणी श्री जिणवर सार, संसार संग उतरैं पार ॥ ४ ॥
खानदेश में सोहे सलो, ब्रह्मनपुर नग्र है भलो।
छतीसपुरा विधि बाजार, साहिदरो सोहे अति सार ॥ ५ ॥
श्रावक गोठि अंजम आचार, व्रत विधान निश्चै व्योहार।
मंदिर वेदी दीरघ होइ, जीणवर धरम जपै सो होइ ॥ ६ ॥

३४. धर्मरासो।

रचयिता श्री अचलकीर्ति। भाषा हिन्दी पद्य। पत्र संख्या २४. साइज ८×४॥ इञ्च। पद्य संख्या ७१. रचना संवत् १७२३. लिपि संवत् १७२६.

मंगलाचरण—

प्रथम जोतीस्वर लांगौ जी पाइ, सिद्धि सतगुरु नमौ।
सरस्वति स्वामिणी दे मति माइ, राज भणौ जिण तणौ ॥

प्रशस्ति—

सत्रह सै जु तेईस मैं, पौष सकल पख सुभ दिन जोग।
दोज सोमवार सुहं बण्यौ, उत्तम नक्षत्र तहां उत्राप्पाढ ॥

सहर नगर सुभ थांन में, कुण भट्टारिक आमनाय ॥ १ ॥
श्री काष्ठाये संघनायक गच्छराय, भट्टारिक भवि जण रंजण ।
श्री कुमरसेण कुल केवल दिणंद, विद्या बचन गुण वारिधि ।
रतन कीरति तस सीष सुजाण, दिली मंडलाचार्य दीपता ।
आज्ञा कारी तस आचार्य जांणि, अचलकीरति अवगाहि कै ।
धरम रासौ कीयौ धरि सुभ ध्यान, आत्मा पर उपगाहु ॥
पढत सुणत सुख संपदा होइ, सुरग मुकति सुख सास्वता ॥ २ ॥

३५. धर्मोपदेश श्रावकाचार ।

रचयिता श्री धर्मदास । भाषा हिन्दी पद्य । पत्र संख्या ४६. साइज ६×४ इञ्च । प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में २८–३० अक्षर । रचना संवत् १५७८. प्रथम पृष्ठ नहीं है । विषय–आचार धर्म

दूसरे पत्र का प्रारम्भिक पाठ—

पणवहु भविजन शीतलनाहुं, शीतलगुन निज अधिक अगाहु ।
दह भेय जिन भास्यौ सत्व, वंदहु ताहि सयल तजि गव्व ॥

प्रशस्ति—

पंद्रहसें अट्ठहत्तरि वरिसु, संवच्छरु कुसलह कन सरसु ।
निर्मल वैसाखो अषतीज, वुधवार गुनियहु जानीज ॥

ता दिन पूरो कियो यहु ग्रंथ, निर्मल धर्म भनौ जो पंथ ।
मंगल करु अरु विघनि हरनु, परम सुख भवियन कहुं करणु ।
अच्छरासंबंधछंद करि हीन, किंचितु मात्र मैं जुयहु कीन ।
सो मो मंद वुधि जानेहु, तातैं बहु जन षिमा करेहु ।
सुध असुध मात्र करि हीन, इहु प्रमाद ज्ञान में कीन ।
सो सब खमहुं देवि सरसुती, जान ही मोहि बालक समभती ।
बारहसैंनी उत्तम जाति, मूल संघ श्रावग विख्यात ।
जिनवर पय भत्तउ होरिल साहु, सो जु दान पूज कौ पवाहु ।
तासु मनू सत्य जस गेह, धर्म शीलवंतु जानेहु ।
तासु पुत्र जेठो करमसी, जिनमति सुमति जासु मन बसी ।
दया आदि दे धर्म हि लीन, परमविवेकी पाप विहीन ।
पदम नाम ताकै भो पूत, कवियनु वंदक कला संजूतु ।
अवरु बहुत गुन गहिर समान, महा सुमति अति चतुर सुजानु ।

अरु सो सज्जनता गुण लीन, पर उपगारी विधना कीन।
बहुरि मिलो तस मन ऐवि कोइ, सलहहो देस देस के लोइ।
राम सिवो तसु तनिय कलत्त, परम सील के पत्थ पवित्त।
तासु उयर सुत उपनौ वेवि, जिनु तिजि अवरुन घावहिं तेवि।
जे को धमु विवुह सिरमनो, जिहि परराम अंवागनी।
दया लीन जिनवर पय धुनो, पर पायो धनु धूलिसम गिनो।
पंचौवर न मिथ्या जेवि, अह निसि झूँठे मानै जेवि।
जैन धर्म सेवै नित्त, अरु दह लक्षण भाव पवित्त।
नित निग्रंथ मुनि मानंउ, जिन आगम कहु पठतु सुवउ।
नि: केवल अरहंत थुनै, और देवि मिथ्याकरि गिनै।
तिहि यहु कियौ धर्म उपदेसु, धर्म सुष्य जो करै असेसु।
विघनकलंक पाप कहु हरै, मंगल सवे सुजस कहुँ करै।
पठतन हुं मति हरइ चित्त, उपजइ निर्मल बुधि पवित्त।
जे जिन सासन लीन निरुत्त, तिन कहु उपजै सुख बहुत।
धन कन दूध पूत परिवार, व है मंगल सुजसु अपार।
मेदिनी उपजहु अनत अनंत, चारि मास भरि जल वरसंत।
मंगल वाजहु घर घर वार, कामिनी गावहि मंगल चारु।
घरि घरि सीत उपजहु सुष्य, नासे रोग आपदा दुख।
घरि घरि दान पूज अनिवार, श्रावग चलहु आप आचार।
नंदउ जिन सासन संसार, धर्म दयादिक चलौ अपार।
नंदहु जिन पडिमा जिन गेह, नंदहु गुर निग्रंथ अमोह।
नंदउ धर्म धुरंधरु साहु, दान पूज जे करहि अगाहु।
जिनि केवल जति व्रत पालंत, धर्म कथहि कर्मनि जालत।
ए मत निविमांगै जिनदेव, भव भव करौ तुम्हारो सेव।
भवि भवि श्रावगकुलि अवतारु, जिनकै धमु अधमु विचार।
जन्मि जन्मि उपसम चित हेउ, जन्म जन्म जिन सासन भेउ।
भवि भवि गुर निग्रंथह संग, जातैं होइ पाप कइ भंग।
भवि भवि दया उपजौ चित्त, छमादि····· भाउ पवित्त।
भवि भवि जैन धर्म को लीव, पावहिं मुक्ति जासु तें जोव।
कहै धर्म कवि सुनहु संत, नर भव पायो बहुत भमंत।

जिन सासन दुर्लभ जानेहु, पायौ तो दूर करि मानेहु।
जिन पूजहु जिनवर थुनहु, गुरु निर्ग्रंथ सत्यै करि सुनहु।
जिन सिद्धांत जु कह्यो विचार, सो पालहु त्रिभुवन मांहि सार।
कहै धर्म कवि वेकर जोडि, पंडित जन मन लावहु खोडि।
मति साऱु हम कीनौ एहु, कपटु मुनि विमनि दया करेहु।
जह अशुद्ध तह सुद्ध करहु, अपनी सज्जनता विस्तरहु।
साधु नित नौ भाउ वह नित, पर उपगारु धरहिं ते चित।

इति धर्मोपदेशश्रावकाचार पं० धर्मदास विरचित समाप्त । मिति मार्गशीर्ष शुक्लसप्तम्यां तिथौ शनिवासरे समाप्तोऽयं ग्रंथो। पं० शत्योदयेन मुनिना लिखितमिति।

३६. नयचक्र भाषा

भाषाकार श्री हेमराज। भाषा हिन्दी गद्य। पत्र संख्या २४, साइज १×४ इञ्च। रचना संवत् १७२६ विषय—नैगमादि सात नयों का वर्णन।

मंगलाचरण—

वंदौ श्री जिनके वचन, स्यादवाद नय मूल।
ताहि सुनत अनुभव तहीं, है मिथ्यात निरमूल॥
ता कारन नयचक्र की, सरल वचनिका कीन।
अधिक हीन अवलोकि कें, करहु सुद्ध परवीन॥

अन्तिम पाठ प्रशस्ति—

सिरीमाल गच्छ खरतरै, जिनप्रभु सुरि सतानि।
लबधो रंग उवझाय मुनी, तिनके शिष्य सुज्ञान॥
विवुध नारायण दास नें, यह अरज हम कीन।
जो नयचक्र सटीक है, पढे सबे परवीन।
तिनें प्रसन्न ह्वै के सही, भली भली यह बात।
तब हमहुं उद्यम कियो, रची वचनिका भात।
हेमराज की वीनती, सुनियो सुकवि सुजान।
यहु भाषा नय चक्रकी, रची सुबुधि उनमान।
सत्रहसैर छबीस कौं, संवत् फागुण मास।
उजल तिथ दसमी जहां, कीनो वचन विलास।

इति श्री पं० नारायनदासोपदेसेन साह हेमराज कृत नयचक्र की सामान्य वचनिका समाप्त।

३७. नेमीश्वर गीत।

रचयिता श्री चतुरुमल। भाषा हिन्दी। पत्र संख्या १५. साइज ६×४॥ इञ्च। पद्य संख्या ४४. रचना संवत् १५७१. लिपि संवत् १८२०.

मंगलाचरण—

प्रथम चलन जिन स्वामि जुहारु, ज्यों भव सायरु पावहि पारु।
लहइ मुकति टुलि दुलि निरै, पंच परम गुरु त्रिभुवन सारु॥ १॥
सुमरित उपजै बुद्धि अपारु, सारद मनाविउं तोहि।
गुरु गोतमु मो देउ पसीउ, जौ गुन गांउ जादुराइ॥ २॥

प्रशस्ति—

श्रावग सिरीमल अरु असवंत, निहचै जिय धर्म धरंत।
चरु चलन भवि वंदतौ, पुत्र एक ताकै घर भयौ।
जनमत नाउ चतुरु तिन लियौ, जैन धर्म्म दिढु जीयह धरौ।
नेमि चरित ताकै मन रहै, सुनि पुरान वर गानो कहै।
नेमि ····· देसु सुख सयल निधान, गढ गोपाचलु उत्तम ठान।
एक सोवन का लंका जांस, तौ बरु राउ सबल बरवीर।
भुज बल आयु जु साहस धीर, मानसिंह जग जानिये।
ताके राज सुखी सब लोगु, राज समान करहि दिन भोगु।
जैन धर्म बहु विधि चलै, श्रावग दिन जु करै षट कर्म।
निहचै चितु लावैहि जिन धर्म, नेमि कुंवर नेमि जिन वंदि हैं।

(२)

संवतु पंद्रहसैं दो गनें, गुन गनुहु तरि ताउपर भने।
भादौ वदि तिथि पंचमीवार, सोम नषितु रेवती।
फगुन भलो सुभ उपजामती, चंद्र जन्म बलु पाइयौ॥
चतुरु भनै भाबी सयर्लान दासु, गुनिय सुनत जिय करहिनदासु।
लब्धि उपसमै बुधि हीन, मैं स्वामी को कियो बखानु।
पढत सुनत जी उपज्यै ग्यान, मन निहचल करि जिय धरहु।
राजमती जिन संजमु लियौ, नेमी कुंवर नेमी सयल भवी नयौ।
नेमि कुंवर नेमिजिन वंदि है॥

संवत् १८२··· वर्षे माह सुदी १४ लिखितं गुरू देवेन्द्रकीर्त्ति आचार्य।

३८. नेमीश्वर चंद्रायण—

रचयिता श्री भट्टारक नरेन्द्रकीर्त्ति। भाषा हिन्दी पद्य। पत्र संख्या ८. साइज ६ × ४ इञ्च। पद्य संख्या १०४। लिपि संवत १६६०। विषय—नेमिनाथ का जीवन।

मंगलाचरण—

परम चिदानंद मन्यधरी मनि प्रणमी श्री गुरु पाय।
हरष आणिदि सुंस्तवु श्री नेमीश्वर जिनराय ॥ १ ॥

प्रशस्ति—

महीयल महिमिमावत वखांणो, श्री मूलसघ गछपति जांणो।
विजय कीरति सुरि नमित नरेन्द्र, तत्पट्ट दायक श्री शुभचन्द्र ॥
तत्पट्ट पंकज सुर समान, सुमति कीरति सुरी गुणइ निधान।
ते चरण चित्त धरी रे विशाल, नरेंद्रकीर्त्ति कहि रे रसाल ॥
नरेंद्रकीरति पाठक कहि अनि नेमिचंद्रायणसार।
भाव सहित भणि सांभलि. ते पावे भव पार ॥

संवत् १६६० वर्षे भादवा सुदी ६ रवौ श्री मूलसंघे सरस्वती गच्छे बलात्कारगणे कुंदकुंद चायान्वये भट्टारक श्री वादिभूषणदेवा तत्पट्टे भट्टारक श्री रामकीर्त्तिदेवा तत्पट्टे भट्टारक श्री पद्मनन्दि गुरुपदेशात तत गुरु भ्राता मुनि श्री देवकीर्त्ति तत् शिष्य मुनि श्री कल्याणकीर्त्ति तत् शिष्य ब्रह्मसिहजी लिखित।

३६. नेमीश्वर रास—

रचयिता श्री ब्रह्मरायमल। भाषा हिन्दी पद्य। पत्र संख्या २२. साइज ७ × ६ इञ्च। सम्पूर्ण पद्य संख्या १२६. यह रचना गुटके में है। गुटके के ११६ से १६० तक के पृष्ठों में है। रचना संवत १६१८. लिपि संवत् १६८६.

मंगलाचरण—

स्वामी हो नेमीसर जिननाथ, चरणं वंदें धरि मस्तक हाथ।
मन अरु वचन काया थुणौं, सोभा जी सांवला वर्ण सरीर ॥ २ ॥

अन्तिम पाठ—

अहो मूल संगि मुनि सरस्वति गच्छ,छोडि हो च्यार कषायनि निर्भछ।
अनंतकीर्त्ति गुरु वंदितै अहो तास तणौ सखी कीयो बखाण।
राइमल ब्रह्म सो जाणिज्यो, स्वामी हो पारसनाथ के थानि ॥ १ ॥

अहो सोलहसै पन्द्रह रच्यौ रास, सांवालि तेरधि सावण मास।
बार ते जी बुधवासर भलै, जैसि जी बुद्धि दिन्हो अवकास ॥
पंडित कोइ जी मत हंसौ, अहो तौसि जि बुधि कियो परगास।
अहो बाग वाडी घणा, नीकौ हो ठाणि।
बसैं हां महाजन नगर कौणि पौणि छत्तीस लीला करें।

४०. पद्मनंदिपंचविंशिका —

रचयिता श्री जगतराय। भाषा हिन्दी (पद्य)। पत्र संख्या १३२. साइज १०॥ × ६ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में २७। ३० अक्षर। रचना संवत १७२२. लिपि संवत् १८१८।

मगलाचरण —

अमल कमल दल विपुल नयन भल—
सकल अचल बल उपसमधरि है।
अखिल अवनितल अटल प्रबल जस
सुरपति नरपति स्तुति बहुकरि है।
धृति मति पंति धर सब जन सुखकर
कनक बरण तन सिद्धि बधु वरि है।
वृषभ लछिन भर प्रगट तनय भर
अघ तिम रवि कर भव जल तरि है ॥ १ ॥

प्रशस्ति—

पद्मनंदि पचवीसी सार जगतराय भाखी सुविचार।
उठो अधिको जे कछु होइ, सो अपराध खमहु कवि सोइ ॥
पांनी पंथ सुदेस सहर सुहानो जानिये।
कबहीं न दुखको ले सुख वरतैं जहां सर्वदा ॥

दोहा

अग्रवाल है उमग्यानि, सिंघल गोत्र वसुधा विख्यात।
माई दास श्रावक परसिद्ध, उत्तम करणी कर जस लिद्ध।
नंदन दोइ भये तसु धीर, रामचंद नंदलाल सुवीर।
सालिभद्र कलियुग में एह, भाग्यवंत सब गुण को गेह।
पर उपगार आंनी मन मांहि जगतराय श्रावक बछांहि।
पदमनन्दि पचवीसी किद्ध, भाषा बंध भई परसिद्ध।

पदमनंदि की बांनि गंभीर, ताको अर्थ लहै कोइ धीर।
भाषा पढतैं न ह्वै खेद, मूरख जन पुनि जानै भेद।
सहर आगरो है सुख थांन, परतषि दीसै स्वर्ग विमा।
धारी बरन रहै सुख पाइ, तहां पहु शास्त्र रच्यौ सुखदाइ।
संवत् सतरासै बावीस, फागुण मासि सुदिपख जगीस।
तिथि दशमी पुष्य मंगलवार, ग्रन्थ समाप्त भयौ जयकार।
नवखंड में है जाकी आंन, तेजवंत दीपें जिन भांन।
राज करै श्री अवरंग साहि, जाकें नहीं किसी परवाहि।
न भई भीति कछु ताके राज, धर्मी भविजन पढन के काजि।
निजमति के अनुसारे यह, भाषा कीनी मन धरि कै नेह।

॥ छप्पय ॥

पाठक अतिहि प्रवीन पुण्य हर्ष गणि दीपै।
आगम युगति अनेक भेद करि बादी जीपै।
कीनी भाषा एह जगतराय जिहि विधि भाषी।
पंडित महामति मंत वीरदास जु है साषी।
बाढै बहुविधि सकल पाप संताप हर।
इहुं ग्रंथ संतनि कैं सुनहु करौ वीनति जोरि कर॥

चौपई— सुजान सिघ नंदलाल सुनंद, जगराय सुत है टेकचंद।
जौ लौं सागर ससि दिनकार तो लौं अविचल ए परिवार॥

सोरठा— अभय कुसल आनंद पदमनंदि पंचवीसि की।
भाषा भई निरदंद सुनियो भविजन सर्वदा॥

इति श्री जगतराय विरचितायां पद्मनंदिपंचविंशिकायां भाषा समाप्ता संवत १८११ वर्षे मिति…।

४१ पंचेन्द्रिय बोल

रचयिता कवि घेल्ह। भाषा हिन्दी। पत्र संख्या ७. साइज ७x७ इञ्च। पद्य संख्या ६. रचना संवत् १५८५. लिपि संवत् १६८८. पांच इन्द्रियों की बात चीत।

प्रशस्ति—

कवि घेल्ह सुजन गुण ठावो, जगि प्रगट ठकुरसी नावो।
तौ बेलि सरस गुण गाया, चित चतुर मुरिख समझया।

मूरिख मनि संकव पाइ, तहि लयौ म चिति सुहाइ।
नहुजपौ बणौ पसारो, यौ एक बचन मैं सारौ।
सवत पंद्रासैर विच्यास्यो, तेर्रास सुदि कातिग मासे।
इ पांच इंद्री वसि राखैं, सो हरत परत सुख चाखैं।

४२ पंचास्तिकाय भाषा,

भाषाकर्त्ता पांडे हेमराज। पत्र संख्या १४८ प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में ३४-३८ अक्षर। रचना संवत् १७३६. लिपि संवत् १७३६. विषय-सिद्धान्त

संवत् १७३६ वर्षे आषाढ सितपक्षस्य द्वादशीतिथौ गुरुवारे श्रीमूलसंघे नंद्याम्नाये बलात्कारगणे सरस्वतीगच्छे कुंदकुंदाचायान्वये भट्टारक श्री चंद्रकीर्तिस्तत्पट्टे भट्टारक श्री ५ जगत्कीर्ति जी तदाम्नाये अगरवालान्वये गोइल गोत्रे सा. धानू तस्य भार्या धनादे तयो: पुत्र सा. श्री रूपचदजी तस्य भार्या तारादे तयोः पुत्र सा० श्री तेजन तस्य भार्या मथुरा ननू तयोः पुत्र सा० श्री रूपचंदजी तस्य भार्या माणकदे तयोः पुत्रौ द्वौ प्रथमपुत्र सा० श्री चूहडमलजी तस्य भार्या गंगा तयोः पुत्रास्चत्वार प्रथम पुत्र चि० रणधीर द्वितीय पुत्र चि० मानसिंह तृतीय पुत्र चि० चतुभुज चतुर्थ पुत्र चि० जोधसिंह। द्वितीय पुत्र सा० श्री बनारसीदासजी तस्य भार्या कपूर्रा तयो पुत्र चि० सिवदासजी एतेषां मध्ये सा० श्री बणारसीदासेनेमं पंचास्तिकायाभिधं ग्रंथं लिखाप्य आचार्य श्री दयाभूषणजी तत् शिष्य पंडित हीरानंदाय दत्तं ज्ञानावरणी कर्मक्षयार्थं। कामानगरमध्ये।

४३ परमार्थ दोहा।

रचयिता कवि रूपचंद। भषा हिन्दी पद्य। पत्र संख्या ४. पद्य संख्या १००. सुन्दर २ पद्यों का संकलन है।

मंगलाचरण—

अलखरूपचिद्रूप जोतिमय ज्ञान प्रकार
अचल अबाधित अक्षय परम आतम सुभाउ धर।
निराकार अवगाह मैनगन मून गगन वत
अमल अनाकुल परम तेज घन सुद्ध सरवगत।
सुखधाम अनादि अनंत अज जगत सिरोमनि सिद्ध गन।
मनधरि सरूप अनुभवनि पुन करहि बंदना भव्य जन॥

अन्तिम पाठ—

रूपचंद सद्गुरनि की जन बलिहारी जाइ।

आपुन जे शिवपुर गये, भव्यनि पंथ दिखाइ ॥

४४. प्रद्युम्न प्रबंध ।

रचयिता भट्टारक श्री देवेन्द्रकीर्त्ति। भाषा हिन्दी पद्य। पत्र संख्या ३७, साइज १०॥×४॥ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में ३८–४२ अक्षर। रचना संवत् १७२२, विषय—जीवन चरित्र।

मंगलाचरण—

सकल भव्य सुख नेमि जिनेश्वर पाय।
यदुकुल कमल दिवसपति प्रणमुं तेह ना पाय ॥ १ ॥

प्रशस्ति—

श्री मूलसंघ मुकटमणि श्री सकल कीर्त्ति गुरु पायरे।
भुवनकीर्त्ति तेह निपाटि, बहु भूपति पूजत पायरे ॥ १ ॥
तास पटांबर दिनमणीह् वा ज्ञान भूषण भवतार रे।
विजयकीर्त्ति तस पटधारी, प्रगट्या पूरण सुखकार रे ॥ २ ॥
तेह यह कुमुद पूरणी समी, शुभचन्द्र भवतार रे।
न्याय प्रमाण पचंड श्री गुरुवादी जल दृशमीर रे ॥ ३ ॥
तस पट्टोधर प्रगटीया श्री सुमतिकीर्त्ति जयकार रे।
तस पट्ट धारक भट्टारक, गुणकीर्त्ति गुणगण धार रे ॥ ४ ॥
तेह तणि [illegible]र प्रसिद्ध वणी श्रीयवादि भूषण सूरी संत रे।
रामकीर्त्ति तेहनि पाटि, प्रगट्यो गुरु विद्यावंत रे ॥ ५ ॥
तस पट धारी पूरण मतो श्री पद्मनंदी सूरीस रे।
विद्यावाद विनोदथी जेहि नामि नरवर शीस रे ॥ ६ ॥
तस पट कमल कमल बंधु, श्री देवेंद्रकीर्त्ति गच्छ ईशरे।
प्रद्युमन प्रबंध रच्यो तिणि भवियण भणयो निश दिश रे ॥ ७ ॥
संवत् सत्तर बावीसि सुदि चैत्र तीज बुधवार रे।
महेश्वर मांहि रचना रचि, रहि चंद्रनाथ गृहद्वार रे ॥ ८ ॥
सूरत वासी संघपती खेमाजि सूरजि दातार रे।
तेह आग्रह श्री प्रद्युमन नो ए प्रबंध रच्यो मनोहार रे ॥ ९ ॥

॥ दोहा ॥

मनोहार प्रबंध ए गुथ्यो करि विवेक।
प्रद्युमन गुण सूत्रिकरी, सब वन कुसुम अनेक ॥ १० ॥

भवीयण गुणि कंठि करो, एह अपूरव हार।
धरि मंगलवदमोचणी, पुण्यतणी नहिं पार॥
भणि भणावि सांभलि, लिख लिखावइ एह।
देवेंद्रकीर्त्ति गच्छपतीकहि, स्वर्गमुक्ति लहि तेह॥

इति श्री प्रद्युम्नप्रबन्ध संपूर्णः।

४५. प्रवचनसार भाषा —

भाषाकार श्री जोधराज गोदीका। भाषा हिन्दी पद्य। पत्र संख्या ७२. साइज १०॥×४॥ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर ६ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में ३३-३६ अक्षर। प्रति नवीन है। विषय-सिद्धान्त। लिपि संवत् १८४६। रचना संवत १७२६।

प्रारम्भिक मंगलाचरण—

परम ज्योति परमातमा नमौं सुद्ध परधान।
एक अनूपम जोध कहि मित्र दायक सुखथान॥

प्रशस्ति—

कुंदकुंद मुनिराज कृत, पूरन भयौ बखान।
अब कवि कौ व्यवरन कहौ, सुनहु अधिक धरि कांन॥
मूल ग्रंथ करता भये, कुंदकुंद मुनिराय।
तिन प्राकृत गाथा करी, प्रथम महा सुख पाय॥
तिन ऊपर टीका करी, अमृतचन्द्र सुख रूप।
सहसकृत अति ही सुगम, पंडित पूज्य अनूप॥
ता टीका कौं देखि कैं, हेमराज सुखधाम।
करी वचनिका अति सुगम, तत्त्व दीपिका नाम॥
देख वचनिका हरषियौ, जोधराज कविनाम।
तब मन में इह धारिकैं, कीये कवित सुखधाम॥
सत्रह सें छबीस सुभ, विक्रम साक प्रमान।
अरु भादौं सुदि पंचमी, पूरन ग्रंथ बखान॥
सुनय धरम हि सुख करन, सब भूपनिसिर भूप।
मान वंस जयस्यंघ सुत, रामस्यंघ सुख रूप॥
ताकैं राज सु चैन सौं, कीयो ग्रंथ यह जोध।
संगानेरि सुथान मैं, हिरदें धारि सुबोध।

जौ कहूँ मेरी चूक हूँ, 　　　　लीज्यौ संत सुधारि।
वरण छंद कौं देखि कैं, 　　　　गुण औगुण सुविचारि ॥
यहां मित्र हरिनामजी, 　　　　रहौ सदा सुखरूप।
ताकी संगति जो करो, 　　　　पायो काव्य सरूप ॥

सवैय्या—

कोई देवी खेतपाल बीजासनिमांनत है,
　　केई सती पित्र सीतलां सौं कहै मेरा है।
कोई कहै सावली कबीर पद कोई गावै,
　　केई दादू पंथी होय परे मोह घेरा है।
कोई ख्वाजै परमान कोई पथी नानिग के,
　　केई कहै महाबाहु महारुद्र चेरा है।
यांही बारा पंथ में भरमि रह्यौ सबै लोक,
　　कहै जोध अहो जिन तेरापंथी तेरा है।

× 　× 　× 　× 　× 　×

इति श्री प्रवचनसार सिद्धान्ते जोधराज गोदीका विरचिते कवि वर्णन नाम द्वादश प्रभाव। संवत् १८४६ का कार्तिक सुदी १२ शुक्रवार सवाई जयपुर में लिख्यौ अमल महाराजाधिराज श्री सवाई प्रतापसिंहजी का में पुस्तक जोधराज गोदीका की है संवत् १७२६ की लिख्यौ तीसु लिख्यो पुस्तक जीवणराम गोधा रैणी का को। लिखतं कन्होराम बाकलीवाल संपतरामगोधा।

४६. प्रवचनसार।

भाषा प्राकृत संस्कृत–हिन्दी (गद्य)। पत्र संख्या ४४. साइज १२×४॥ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर ७ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में ३८–४२ अक्षर। लिपि संवत् १७२७. प्रस्तुत ग्रंथ में प्राकृत और संस्कृत मूल हो दिया हुआ है। हिन्दी में प्रत्येक गाथा में वर्णित विषय का संकेत दिया गया है। इसके अतिरिक्त हिन्दी मे फुटकर टीका भी दी हुई है। भाषा परिमार्जित है।

भाषा का प्रारम्भ—

आगै श्री कुन्दकुन्दाचार्य प्रथम ही आरंभ विषै मंगलाचरण निमित्त नमस्कार करै है। ……… …… । आगै आत्मा के शुभ अशुभ शुद्ध अंसे तीन भावनि की ठीकता करै है।

फुटकर टीका की भाषा—

स्निग्ध रुक्ष गुणविषै अनन्त अंश भेद है। एक परमाणु दूजे परमाणु सौं तब बंधे जब दोइ अंश अधिक स्निग्ध अथवा रुक्ष गुण का परिणाम होइ ……… ……,

संवत् १७२७ वर्षे असाढ मासे शुक्लपक्षे नवम्यां गुरुवासरे रामपुरे श्री जिनचैत्यालये लिखापितं प० बिहारीदास आत्मपठनार्थं। लिखतं ब्राह्मण दीनानाथेन।

४७. प्रद्युम्नरासो।

रचयिता श्री ब्रह्म रायमल्ल। भाषा हिन्दी पद्य। पत्र संख्या १८ साइज १२×४ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में ३४×३८ अक्षर। रचना संवत् १६२८ लिपि संवत् १८२०.

मंगलाचरण—

हो तीर्थंकर वंदू जगनाथ।
ताह सुमरण मनि होइ उछाह तो हुवा छै अरु होय जी सो॥
तिह कारण रहै घट पूरि गुण छीयालीस सोभै भला जी।
दोष अठारह किया दूरतो रास भण्यो परद्यमन को जी॥ १॥

प्रशस्ति—

हो मूलसंघ मुनि प्रगटे लोय, अनंतकीर्त्ति जाणै सहु कोय।
तास तणो सिष्य जाणज्योजी, हो रायमल ब्रह्म मुनि कियो बखान॥
बुधि थोडो आगु नहीं जी, तिहि दीठो हरिवंशपुराण तो॥ १॥
हो सोलासै अठबीस विचारो, भादवा सुदो दुतिय बुधवारो।
गढ हरसोर महा भलो जी, तिह में भला जिनेसुर थांन।
श्रावक लोक बसै भला जी, देव शास्त्र गुरु राखे मान तो॥ २॥

४८. पार्श्वनाथ चौपई।

रचयिता श्री आचार्य महेन्द्रकीर्त्ति। भाषा हिन्दी (पद्य) पत्र संख्या १७, साइज १२×५ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में ३६-४० अक्षर। पद्य संख्या २६८, रचना संवत १७३४, लिपि संवत् १७६३.

मंगलाचरण—

प्रथम वंदि पार्श्वजिनदेव, तीनि जगत जाकी करे सेव।
रिद्धि सिद्धि वर सुखदातार, बाल पणयौ जीत्यो जिहि मार॥

प्रशस्ति—

संवत् सत्तरासैं चौतीस, कार्त्तिक शुक्ल पक्ष शुभ दीस।
नौरंग तपै दिल्ली सुलतान, सबै नृप अति बहै सिरि आण॥
नागर चाल देस शुभ ठाम, नगर बसंहटो उत्तम धाम।

सब श्रावक पूजें जिनधर्म, करें भक्ति पावै बहु शर्म्म ॥
कर्मक्षय कारणशुभहेत पारश्वनाथ चौपई समेत।
पण्डित लाखो लाख समान सबौ धर्म लहौ सुख थान ॥

भट्टारक श्री देवेन्द्रकीर्त्तिजी का शिष्य पांडे दयाराम नरायणा का बासी जाति सोनी। भट्टारक श्री महेन्द्रकीर्त्ति का राजपट विषै दिल्ली का जैसिंहपुरा का देहुरा में पार्श्वनाथ चौपई लिखी।

४६. पार्श्वनाथपुराण।

रचयिता श्री भूधरदास। भाषा हिन्दी पद्य। पत्र संख्या ६१. साइज १०॥×४॥ इञ्च। रचना संवत १७८६. रचना प्रकाशित हो चुकी है।

मंगलाचरण—

मोह महातम दलिनदिन तरलक्ष्मी भरतार।
ते पारस परमेस मुझ होहु सुमति दातार ॥

अन्तिम पाठ—

प्रभु चरित्र मिस किमपि यह कीनो जिन गुन गांन।
श्री पारस परमेस कौ पूरन भयौ पुरान ॥
पूरब चरित विलोकि कै भूधर बुधि समांन।
भाषा बंध प्रबंध यह कियौ आगरै थांन ॥

× × × × ×

दोहा—

संवत सत्रैसै समै और निवासी लीन।
सुदि असाढ तिथ पंचमी, ग्रंथ समापित कीन ॥

इति पार्श्वनाथपुराण की भाषा संपूर्ण। लिखावितं साहजी श्री चैनरामजी ठोल्या सवाई माधोपुर मध्ये। महाराजाधिराज श्री सवाई जगतसिंहजी विजयराज्ये लिपीकृत जती अमरचन्द्रेण वासी कोटा का।

५०. पोसहरास।

रचयिता भट्टारक श्री ज्ञानभूषण। भाषा हिन्दी (पद्य) पद्य संख्या ११५.

मंगलाचरण—

सरसति चरण युगल प्रणमी सहि गुरु आणू।
बार वरत महि साह बरत पोसहवरे काणू ॥ १ ॥
आठमि चउदसि नीम सहित नित पोस लीजे।
उत्तम मध्यम अधम भेदि त्रिहुं विधि जाणी जे ॥ २ ॥

अन्तिम पाठ—

चारि रसांग्रय सुगति अमम अनुप सुख अनुभवइ।
भवमकरि पुनरपि न आवइ. इहक फल जस गमइ॥
ते नर पोसह कांन भावइ, एणि परि पोसह धरइ।
जे नर नारि सुजण गुरु रस भणइ ते करउ वखाण॥ २॥

५१. बनारसी विलास।

रचयिता महाकवि बनारसीदास। भाषा हिन्दी। पत्र संख्या ६६. साइज ११।।×५ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर १२ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में ३७-४० अक्षर। रचना संवत १७७१. लिपि संवत् १८२१.

मंगलाचरण—

परमदेव परनाम करि गुरुकों करूं प्रणाम।
बुद्धि बल बरनों ब्रह्म के सहस अठोतर नाम॥ १॥

अन्तिम पाठ—

गुरु उपदेस सहज उदयागत मोह विलकलता छूटें।
कहत बनारसि होइ करुना मय अचल अषैनिधि लूटें॥

नगर आगरे में अगरवाल आगरो
गरगगोत आगरे में नागर नवलसा।
संघ ही प्रसिध अभिराज राज माननीक
पंचवाल नलना में भयो है कवलसा।
ताके प्रसिद्ध लघु मोहनदेसघइनि,
जाके जिनमारग विराजित धवलसा।
ताहि को सपूत जगजोव सुदिढ जैन,
बनारसी बैन जाके हिए में सबलसा॥ १॥
समैं जोग पाइ जग जीवन विख्यात भयो,
ज्ञान की मंडली में जिसको विकास है।
तिन तैं विचार कीनां नाटक बनारसी का
आपछे निहारवे को आरसी प्रकास है।
और कविधनी खरी करो है बनारसी नैं
सो भी एक क्रम सेती कीजैं ज्ञान भास है।

ऐसो जानि एक ठौर कीनी सब भाषा जोरि
ताको नाम धर्यो यो बनारसी विलास है।

॥ दोहा ॥

सत्रहसै एकोत्तरे समै चैत सित पाख।
दुआसौं पूरन भई इह बनरसी भाष॥ १ ॥

संवत् १८२१ मिति फागुण सुदी ५ आदित्यवार लिखापितं पंडित जोधराज जी ढूंढावती मध्ये। साह शम्भूराम बाकलीवाल आंवांका लिपि कृतं।

५२. बाशिठिया बोलरो स्तवन।

रचयिता मुनि श्री कान्तिसार। भाषा हिन्दी पद्य। पत्र संख्या १५. साइज ८x३॥ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में २६-३० अक्षर। रचना संवत् १७८३. विषय-सिद्धान्त

मंगलाचरण—

श्री गुरुवचनलही करी आगम नैं अणुसार।
बोल बांशठिया मार्गनो, द्वार तणो सुविचार॥
बासठि बोल कह्या जिनैं, घन ते जिम चौवीश।
ते माहैं बाशिठिया बोलत वन पभणीश॥

अन्तिम पाठ तथा प्रशस्ति—

संवत् सतरैं त्रयाशिया वरसैं, नगर उदयपुर मांहि रे।
नर नारि समझावण हेतैं एह तवन कर्यो उछांहि रे।
तपगच्छ मांहि सुर शिरोमणि श्री विजयक्षमा सुहरायो रे।
गुणवंता जयवंता वर तो जस अनैतेज जस वाग्यो रे।
कान्तिसागर पंडित सुपसाया जसवंत सागरराय रे।
इम थुण्यो जिनवर सयल सुखकर तीर्थंकर चोवीस ए।
बासिठ बोलैं अमिय तोलैं जे कह्या जगदीस ए।
जसवंत सागर सुजस आगर, जिनेंद्रसागर शिष्य ए।
नवनिधि होस्यैं संघ नैं घर दिऐं इम आसिश ए॥

इति श्री बाशिठिया बोलरो स्तवनं संपूर्ण। मुनि मोहनविजय वाचनार्थं।

५३. भरतबाहुबलि छंद ।

रचयिता श्री कुमुदचन्द्र । भाषा हिन्दी (पद्य) । पत्र संख्या ६. गुटके नं० ५३ के ४० वें पृष्ठ से ४८ तक । प्रत्येक पृष्ठ पर १६ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में २५–२८ अक्षर । रचना संवत् १६०७.

मंगलाचरण—

पणविवि पद आदीश्वर केरा, जेह नामें छूटे भव फेरा ।
ब्रह्म सुता समरू मति दाता, गुण गण मंडित जग विख्याता ॥
वंदवि गुरु विद्यानंद सूरि, जेह नी कीर्ति रही भर पूरी ।
तस पद कमल दिवाकर जाणु, मल्लि भूषण गुरुगण वखाणु ॥
तस पट्टे पट्टोधर पंडित, लक्ष्मीचन्द्र महाजश मंडित
अभय चंद्र गुरु शीतल दायक, सेहेर वंश मंडन सुख दायक ॥ ३ ॥
अभयनंदि समुरु मनमांहि, भव भूला बल गाडे बांहि ।
तेह तणि पट्टे गुणभूषण, वंदवि रत्नकीरति गत दूषण ।
भरत महीपति कृत मही रक्षण, बाहुबलि बलवंत विचक्षण ॥

अन्तिम पाठ तथा प्रशस्ति—

सवत सोलसमे सत सहे, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तिथि छहे ।
कविवर वारे घोघानयरे, अति उत्तंग मनोहर सुघरे ॥
अष्टम जिनवर ने प्रासादे, सांभलीये जिन गान सुसादें ।
रत्नकीरति पदवी गुण पूरे, रचियो छंद कुमुद शशि सूरे ॥

॥ कलश ॥

उत्कट विकट कठोर घोरगिरि भंजन सपवि,
विहत कोह संदोह मोह तम उवहरण रवि ।
विजित रूप रति भूप चारु गुण कूप वनुत कवि,
धनुष पांच से पंचवीश वर उच्च तनु छवि ॥
संसार सरित्पति पार गत विबुध वंद वंदित चरण ।
कहे कुमुद चन्द्र भुज बली, जयो सकल संघ मंगल करण ॥ १ ॥

५४ भविष्यदत्त कथा ।

रचयिता कविवर ब्रह्म रायमल्ल । भाषा हिन्दी पद्य । पत्र संख्या ६७. साइज ७x६ इञ्च । प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में १८–२१ अक्षर । रचना संवत् १६३३. लिपि संवत् १६६०.

मंगलाचरण—

स्वामी चन्द्रप्रभ जिणनाथ, नमौं चरणधरि मस्तकि हाथ।
लंछिन ययो चंद्र माता सु, काया उजल अधिक उजासु॥

अन्तिम पाठ तथा प्रशस्ति—

मूल संघ शारद शुभ गछि, छोडी चार कषाय निरभछि।
अनंत कीर्त्ति मुनि गुणह निधान, ता सुत नैं सिख कीयो बखाण॥

ब्रह्म रायमल थोडि बुधि, आखिरपद की न लहै सुधि।
जैसी मति दीनैं औकास, व्रत पंचमी को कीयौ परकाश॥
केवल पाइ तहिने फुरै।
जो इह कथा सुणे दे कान, काल लहिविपहुचै निरवान।
सोलै सै तेतीसा सार, कातिग सुदी चौदसि सनिवार।
स्वाति नक्षत्र सिद्धि शुभजोग, पंडा स्व न व्यापैं रोग।
देस दूंढाहड सोभा घणी, पुजें तहां आल मण तणी।
निमल तलें नदी बहु फिरै, सुख स बसै बहु सांगानेर।
चहुं दिशि बाण्या भला बजार, भरे पटोला मोती हार।
भवन उत्तुंग जिनेश्वर तणा, सोभैं चंदवा तोरण घणा।
राजा राजै भगवतदास, राजकंवर सेवहि बहु तास।
परजा लोग सुखी सुख बसं, दुखी दलिद्री पुरवै आस।
श्रावक लोग बसैं धनवंत, पुजा करहि जपहि अरहंत।
उपराउ परी बैरन कास, जिह आहमिदं सुखे सुख बास॥
मंगल श्री अरहंत जिणि, मंगल अनंतकीर्त्ति मुणिंद।
मंगल पढइ करई बखाण, मंगल ब्रह्म राइमल सुजाण॥

दूसरी प्रति का भिन्न पाठ—

आखिर मात जु भूलो होय, पंडित जन सहु खमिज्यो माहि।
अति अयाण मति थोडी भई, कथा पंचमी व्रत की कही॥
बारबार नवि भणौ पसार, जामैं जीव दया व्रतसार।
जो नर जीव दया को पाल, रोग सोग न व्यापै काल॥

संवत १६६० वर्षे भादवा सुदी १ शुक्रवारे पोथी लिखी सा० जैता पाटणी दानुकाकी लिखी आगरा मध्ये साहिबी अहां की हवेली श्री जलालखांकोरची की मध्ये वास जैता पाटणी।

५५. भक्तामरस्तोत्र भाषा।

रचयिता श्री नथमल बिलाला और श्री लालचन्द। भाषा हिन्दी पद्य। पत्र संख्या ७१. साइज १०×४॥ इञ्च। रचना संवत् १८२६. लिपि संवत् १८५३.

मंगलाचरण—

करम सघन वन दहन अगिनि कन तपत कनक तन दुति रवि करसी,
परम धरम मग परमत तम खग नमत सकल जग लखि शिव दरसी।
प्रबल मदन अरि निज बल त्रसि करि वसु मद हरि करि सिव तिय परसी;
समवसरन थल सहित अतुल बल रिषभ सुजिन नम मन वच सिरसी॥

प्रशस्ति—

यह भाषा रचना करी नथमल निज पर हेत।
पढ़ै सुनैं जे नर सदा ताहि अखै सुखदेत॥ १ ॥
हूंबड वसं मम्झार बनिक पृथिवी सुनामधर,
सीलवती गुनधाम तास चंपासु नारिवर।
जिनचरणांबुज भवर तुल्य ताके सुत सोहै,
रायमल्ल गुनगेह व्रती देखत मन मोहै॥ १ ॥
श्री वादिचन्द्र मुनिराज के प्रनमि चरन जुग जोरि कर;
कीनी कथा इसतवन की पढत सुनत सुख होय॥ २ ॥
संवत् सोलहसैं परधान तापै सरसठ वरष प्रमांन।
मास अषाढ स्वेत पख सार, तिथ पांचै जानौं बुधवार॥ ३ ॥
सिंधु नदी के तट विषै ग्रीवापुर अभिराम।
तुंग कोट जुत तहं लसैं ससि प्रभ जिनको धाम॥ ४ ॥
ब्रह्म कमसी वचन तैं रायमल्ल ब्रह्मचार।
भगतामर की कथा वर वरनी मति अनुसार॥ ५ ॥
जिहि विधि भाषा रचना भई, सो अब कथन सुनौं चित दई।
कारन बिन कारज नहिं होय, सो अब कथन सुनौं बुध लोय॥
नगर आगरे मांहि बसैं जैसिहं पूतनीको,
तहां जेठमल साह भगत सोमैं जिनजी को।
तासु तनुज गुणवंत सर्व जुग कुल सुख दायक,
जेठो सोभाचंद चंद गोकुल लघु लायक॥

खंडेलवाल वर वंस मैं	गोत बिलाला जग विदित।
अमोदक कारत पायकैं	बसै भरतपुर में सुखित॥
नंदन सोमाचन्द को	नथमल निपट अयान।
छंद कोस पिंगल तनौं	ग्यान अंस नहिं जान॥
अमोदक के जोग तैं	सो हीरापुर आय।
सुख सौ तहँ निवसत भयौ	कछु इक काल गमाय॥
तहाँ मिल्यो कारन भलौ	पुन्य तनैं परभाय।
नगर करौली सौं जहां	पंडित लाल सु आय॥
सकल कला में निपुन अति	कविता करत असेस।
नथमल के ऊपर सदा	करत सनेह विशेष॥
भगतामर जी की कथा	तिन जिन भवन मझार।
बांची तब सुनि कैं भयो	मो मन हरष अपार॥
सुनि नथमल बचन कौं	उर में कियो विचार।
मूल ग्रंथ अति कठिन है	पंडित करै उचार॥
लालचन्द सौ तब कह्यौ	नथमल हर्षित होय।
जौ याकी भाषा बनै	तो समझै सब कोय॥
जौ लग रचिये छंद कौं	अर्थ वरन सुविचार।
जो लौहैं सुभ ध्यांन की	प्रापति सुख दातार॥
निज पर हेत विचार कैं	नथमल लाल विशेष।
दोऊ मिलि भाषा रची	रायमल्ल कृत देख॥
संवत अष्टादश सत जांनें	तापैं पुनि उनतीस प्रवान।
जेठ सुकल दशमी बुधवार	पूरन कथा करी सुखकार॥
परमदेव इस जगत में	आदि रिषभ अवतार।
जैवंतो बरतौ सदा	भवजल तारनहार॥
भवजलतारनहार	कर्मभूविधि दरसाई।
दयासिंधु जग तात	सकल जीवन सुखदाई॥
सुखदाई संसार में	कथिन एक जिन को धरम।
नथमल लाल सुन मात हैं	देहु भगति अपनी परम॥

इति श्री भक्तामरस्तोत्र ऋद्धिमंत्र काव्यछंद कथा संपूर्ण। मिति माह सुदी १४ शुक्रवार संवत् १८४३ का पूरी लिखी करोसीदास।

५६. मृगावती चरित्र ।

रचयिता श्री समयसुन्दर गणि । भाषा हिन्दी पद्य । पत्र संख्या ३०. साइज ६॥×४॥ इञ्च । रचना संवत् १६६८. लिपि संवत १६८७. प्रति जीर्ण हो चुकी है । जगह २ उसके अक्षर मिट गये हैं ।

प्रशस्ति—

श्री खरतरगच्छ कमलदिणंदा	युगप्रधान जिनचंदा वे ।
प्रथम शिष्य श्री पूज्याकरो.	सकलचन्द्र गुरु मेरा वे ।
तसु प्रसाद किया ग्रंथ पूरा,	प्रगट्या सुजसपडू राखे ।
सोलइसइ अठसठा वर्षइ,	दुई चउपई घणे हरखइ वे ।
मृगावती चरित्र कह्यो तिहुं खंडे,	वणे आणंद घामंडइवे ।
मोहण वेल चउपई सुणतां,	भणतां नइ वलि गुणतांवे ।
समयसुंदर घइ संघ आसीस,	रिद्धि वृद्धि सुजगीसावे ।

संवत १६८७ कार्त्तिक सुदी ५ शनिदिने श्री मालपुरा मध्ये श्री खरतरगच्छे वा० श्री गुणरंगगणि शिष्य पं० श्री रत्ननंदिगणि शिष्य मुख्य पं० सुमतिसेन गणिना लिखितं ।

५७. माधवानल चौपई ।

रचयिता श्री कुसललाभ गणि । भाषा—हिन्दी पद्य । पत्र संख्या ४१. साइज ७×७ इञ्च । पद्य संख्या ५५१. रचना संवत् १६१६ लिपि संवत् १६६०. लिपि कर्त्ता श्री जौता पाटणी ।

मंगलाचरण—

देवी सरसति देवी सरसति, कासमीर कमलावती ।
ब्रह्मपुत्र कर वीणा सोलहइ, मोहन तरु वर मंजरी ॥

प्रशस्ति—

संवत सोल सोलोतरइ,	जेंसलमेर मझारि ।
फागुण सुदि तेरसि दिवसि,	विरचि आदित्यवार ॥
गाहा दूहा चउपई,	कवित कथा संबंध ।
काम कंदला कामिनी,	माधवानल संबंध ।
कुसल लाभ वाचक कहइ,	सरस चरित्र सुपसिध ।
जे वाचइ जे सांभलइ,	तीया मिलइ नवनिधि ।
गाथा साढी पांचसइ,	ए चउपइ प्रमाण ।
तेह सुणंता सुख दीयइ,	जे दुइं चतुर सुजाण ।

रावल मालि सुपाट धरि, कुंवर श्री हरिराज ।
विरचिएह सिणगारसि, तास कतुहल काज ।

५८. मिथ्या दुकड ।

रचयिता ब्रह्म श्री जिनदास । भाषा हिन्दी । पद्य संख्या २३. लिपि संवत् १७६२.

मंगलाचरण—

आदि जिणेसर भुवि परमेसर सयल दुख निणासणो ।
भुवि कमल दिणेसर मोह तिमर हर तत्त्व पदारथ भासणो ॥ १ ॥
हूँ विनती करुं हवें आपणीय ।
तूं त्रिभूवन स्वामी सुणि धणीय ॥
जे पाप कर्या ते कहुं अनुक्र ।
ते मिथ्या दुकड होउ नमक्र ॥ २ ॥

अन्तिम पाठ—

जिनवर स्वामी मुगति हिं गामी सिद्धि नयर मंडणो ।
भव बंधण खोणो समर सलीणो, ब्रह्म जिनदास पाय वंदणो ॥ १ ॥

५६. यशोधरचरित्र ।

रचयिता ब्रह्म श्री जिनदास । भाषा गुजराती मिश्रित हिन्दी (पद्य) पत्र संख्या २५. साइज १०॥×४॥ इञ्च । प्रत्येक पृष्ठ पर १२ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में ३६–४० अक्षर । लिपि संवत १८२६. पंडित रूपचंदजी के पढने के लिये ग्रन्थ की प्रतिलिपि की गयी ।

मंगलाचरण—

मुनिसुव्रत जिन मुनिसुव्रत जो नतवुं ते सार ।
तीथकर जे वीसमुं वांछित बहु दान दातार ॥
सारदा स्वामिणि वलीस्तवुं, जिमिबुद्धि सार हुं वेगी मागुं ।
गणधर स्वामिनमस्करूं, वली सकलकीरति गुरु भवतार ॥
तास चरण प्रणमीनें, करें सुरासुर सार ॥

अन्तिम पाठ—

राय यसोधर र तणुं जे रास जीवदयानुं पीहर ।
पाप मिथ्यात निकंदसार, रागमोह विहंडणुं ॥
गुणहतणुं भंडार सुणिई, जेनर अनुदिन भणें
हिय मैं धरी बहुभाव, ब्रह्म जिणदास इम परिभणें
तेहनें शिवपुरे ठाम ॥

इति श्री ब्रह्म जिनदास विरचिते श्री यशोधरस्वामीरास संपूर्णः। संवत् १८२६ वर्षे आषाढमासे कृष्णपक्षे नवम्यां तिथौ रविवासरे पंडित रूपचन्दजी तस्य वाचनार्थे उदयपुरवरे।

६०. यशोधरचरित्र।

रचयिता श्री लक्ष्मीदास। भाषा हिन्दी (पद्य) पत्र संख्या ४६. साइज ११×५ इञ्च। रचना संवत १७८१. लिपि संवत १८०१.

प्रारम्भिक मंगलाचरण—

आदि जिनंद नमूं सदा	त्रिजगत गुरु जिनराय।
सोभै महिमा अनंत जुत	धर्म राज पति थाय॥

प्रशस्ति तथा अन्तिम पाठ—

राव यसोधर की कथा	असी विधि भाषी।
भवि सुणज्यौ इसकूं सदा	सब थिर चित राखो॥
जीव दया के कारणै	चरित्र सु कीन्हूं।
मेरो बुधि माफिक इहां.	अखियर सुभ लीन्हूं॥
जे सुणसी इसकू सदा	मन बच सुध काई।
ते जग कै सुख पायकै	पीछे शिव जाई॥
अक्खर जो चूक्यौ जु हौं	बुध सुध करि लीज्यो।
श्रुत की विधि जाणू नहीं,	कोउ रोस न कीज्यो॥
राजा जयहि राजई,	विस्नसिंघ कौ नंदो।
तेज प्रताप घणूं यथा	मध्यांन दिनंदौ॥
सांगेनेरि सुथान में	सूलनाईक थांनौ।
भट्टारक देवेन्द्र कीरति,	को जहि आनो॥
पंडित लिखिमीदासजी	तिन करि कीन्हू।
रहिस्य सकलकीरति महा	मुनिवर कौ लीन्हूं॥
पद्मनाभ काईच्छ कौ	कछु इक अनुसारो।
लीन्हू है इस ग्रन्थ मैं	भवियण सुखकारो॥
पूरण कीन्हौ भाव सौं,	रामैं सुभ वेरा धारो।
लागत है सदा,	भवि जीवनि केरां॥
दया कारणै चावसौं	निति सुणि जे भाई।
राव यशोधर ता विना	नाना गति पाई॥

दिल्ली साहर विषै भलो जैसिहपुर जानुं ।
धर्म संथान समानयों धनि धानन मानूं ॥
सुन्दर नंद सुस्यालए रचना ठहरानो ।
भव्य धरौ निज चित्त में, भगवन की बांनी ॥
संवत सतरासै भले अरु और इक्यासी ।
जे पढिसी सुणिसी सदा, ते ही सुख पासी ॥
कातिक षष्ठो भावती, ससि कै उजियारै ।
भव्य जीव सुणि जे पढैं, वे ही विसतारै ॥
जैन धर्म परभाव सौ सबही सुख होई ।
तातैं धम सुधारिहैं तौ ता सम कोई ॥

अथ शुभ संवत्सरेस्मिन् श्रीमन्नृपति विक्रमादित्यराज्यात् संवत १८०१ का वर्षे शाके १६६४ प्रवर्त्तमाने कार्त्तिक मासे कृष्णपक्षे नवम्यां वृहस्पतिवासरे असलेखा नक्षत्रे जिहांनाबादस्थ जेंसिंहपुरामध्ये श्री महावीर चैत्यालये पातिसाह श्री महम्मदसाह विजयछत्रे महाराजाधिराज श्री सवाई ईसरीसिंहजी राज्ये श्री मूलसंघे नंद्याम्नाये बलात्कारगणे सरस्वती गच्छे कुंदकुंदाचार्यान्वये भट्टारक जी श्री १०८ श्री देवेन्द्रकीर्त्तिजी तत्पट्टे भट्टारक श्री १०८ श्री महेंद्रकीर्त्तिजी तदाम्नाये आचार्यजी श्री नेमीचन्द्र तत् शिष्य पंडित श्री रूपचंदजी तत् शिष्य पंडित दयारामेण इदं पुस्तकं हस्तेन लिखितं ।

६१. यशोधर चौपई बंध कथा ।

मूलकर्त्ता कायस्थ श्री पद्मनाभ । भाषाकर्त्ता साह लोहट । भाषा हिन्दी पद्य । पत्र संख्या १३३. साइज ६×५ इञ्च । प्रत्येक पृष्ठ पर १० पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में २३-२६ अक्षर । रचना संवत् १७२१ लिपि संवत् १८०३.

मंगलाचरण—

तीर्थंकर जिन बीसमौ मन मनसुव्रत बंदि ।
ता समया की या कथा हिरदै धरि आनंद ॥

प्रशस्ति—

बंब नयर सैराजै महंत, हाडोती वर देस कहंत ।
तामैं गढ बूंदी सुभ थांन, इंद्रपुरी सम सोभै आन ॥
महाराज राजा सिरताज, पातिसाही आमनवंधिपाज ।
राव रतन गुन रतन समान, ... सुरमान ।

दया सील सागर ध्रु मेर, अरि धीर जिति कार्यो जुग जेर।
तिनकी महिमा कही न जाय, चहुवान मुकट मनिराय।
तिन सुत त्रिलोक समान, गोपीनाथ बड़े प्रभ जान।
जिनके दस सुत कुंदिगपाल, सत्र सकल को अरि करिकाल।
निक्कराम ध्यपण समरथ, सबल अभ्य पणाहार सुहथ।
पतिसाही पतिभलथाहार, हींदुव ध्रम आगल भुज भार।
राजनीति निति पालनहार, विक्रम भोजराज अवतार।
चौदा विद्या जांन प्रधान, सुरबीर दाता गुर कीन।
जिन लखि वैरी धीरन धरै, दसूं दिसा नृप सेवा करै।
तास तखत वर धखत निलंद, भावसिंघ प्रतवै जिमचंद।

॥ कवित्त ॥

मेर अचल ध्रुव अचल अचल सुर्जतिराज घर,
तेज पुंज रवि ते मन पहुपी हमी प्रसिध पर।
गुण गंभीर बरवीर धीर सागर रतनागर,
रतन बंस अवतंस अंस सत्र सत्र सुत नागर॥
श्री भावसिंघ हिंदवानपति छत्र तिलक सुभ सिरधर्यौ।
संभरि नरेस राजै तखत बखत दसुं दिसव धर्यौ॥ ८॥
मही अडोल मेर सम राज, दिन दिन बधौ चौगनी आव।
चंद सूर धर सेष महेस, तौ लग राज भोगवो देस॥ ९॥
घर घर वृधि बधाहोई, कौन पढ्यौ मतिगुन जे कोई।
तिनकै राज सुखी सब लोग, जानैं पांन फूल रस भोग॥ १०॥
बाग बावड़ी महल अपार, मैडी छाजा जाली सार।
च्यार तलावै चहुं दिसि कुंड, है दुरग बिचि बसै सहूंस॥ ११॥
कौ लग सोभा कहुं अपार, गली गली सौभे बाजार।
अन धन कपड़ौ चोर कपुर, भरि बेचैं ले मौलि जरूर॥ १२॥
सिखर बंध देवल धुज सीस, झौलि बुलावै लखि सुर ईस।
इन्द्र पुरी तैं अधिक अपार, बूंदी गढ देखौ रवर सार॥ १३॥

॥ सवैया ॥

बूंदी इंद्रपुरी अलिपुरी किंकुबर पुरी,
रिद्धि सिद्धि भरी द्वारिका सी भरी घर मैं।

धौलहर धांम घर घर में विचित्र बांम,
नर कांमदेव केसे सेवै सुखसर मैं ।।
वापी बाग बारुण बजार वीथी, विद्या वेद विबुध विनोद ।
बानी बोलें सुखि नरमैं, तहां करै राज राव भावस्यंघ महाराज ।।
हिंदु धर्म लाज पाति सही आज कर मैं ।। १३ ।।

।। चौपई ।।

श्रावक लोग वसै धर्म वर्त पुजा करै जपै अरिहंत ।
तिनको सेवक लोहट साह, करो चौपई धरी सुभ लाह ।
बसं बघेर वाल भोवाल, दुगैरया बरगो भवि साल ।
धरम धुरंधर धरमीं धीर, ता सुत तीन महा वरवीर ।
हीरो सुन्दर बड़े सुजान, लघु लोहट बुधि कौनिधान ।
श्री जिनदेव सगुरको दास, कीनो भाषा ग्रन्थ प्रकास ।
लघु दीरघ गण अगण विचार मात छंद विस्तार ।
सब्द शास्त्र को लह्यौ न भेद, तातै बुधि मति करो न खेद ।

× × × × × ×

वरषा रिति आगम सुभ सार, मास असाढ तीज गुरवार ।
पाख उजाल पुरी भई सरल, अरथ भाषा निरमई ।।
संवंत सत्रासै इकईस करी चौपई फली जगीस ।
मन अभिलाष संपूरन भए, जिन गुरु चरन सीस धरि लए ।।

इति श्री राव जसोधर की चउपई बंध कथा संपूर्ण । ग्रन्थ कर्त्ता श्री पद्मनाभ तदनुसारेण साह लोहट दुगरयौ गोत्रे धर्मा सुत बघेरवाल वासिगढ बूंदी राजराव श्री भावसिंहजी विजयराज्ये ।

६२. योगीरासो ।

रचयिता पांडे श्री जिनदास । भाषा (पद्य) । पत्र संख्या २. साइज ८॥×४॥ इञ्च । पृष्ठ पर १२ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में ४६–५० अक्षर ।

मंगलाचरण—

आदि पुरुष जो आदि जु गोतम आदि जती आदिनाथो ।
तास परंपरहुवा मुनिवर दिगंबर सहतांपो कुंदकुंदाचारजगुरुमेरा ।।१।।

अन्तिम पाठ—

हूं बलिहारी चेतनकेरी सोइक चिंतमनि ध्यावै ।
छोडि अचेतन क्युं पडा रे भाई आपण सिवपुर जावै ॥ १ ॥
जोगीरासौ सीखौ रे भाई श्रावग दोष न कोइ दीज्यौ ।
जो जिणदास त्रिविधि त्रिविधिकरि सहिह सुमिरण कीज्यौ ॥ २ ॥

६३. रत्नपालरासो ।

रचयिता श्री सुरचंद । भाषा हिन्दी (पद्य) । पत्र संख्या ६३. साइज १०x३॥ इञ्च । प्रत्येक पृष्ठ पर ६ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में ३४-३८ अक्षर । रचना संवत् १७३२. लिपी संवत् १८२३. प्रति पूर्ण है लिखावट सुन्दर है ।

प्रारम्भिक मंगलाचरण —

श्री वृषभादिक जिन नमुं, वर्त्तमान चोवीस ।
श्रीमधर प्रमुखां नमुं, विहरमानवली बीस ॥ १ ॥
वृषभसेन गौतम नमुं, गणधर थया गुणवतं ।
चउदेसिं बावन नमुं, मोटा महिमावतं ॥ २ ॥

प्रशस्ति—

गछ दिगंबर गीरुया गौतम, इद्रं भूषण सूरी रायरे ।
तास सीष्य श्री पतिब्रह्मचार, जिनवर भक्ति सुहायरे ॥ १ ॥
कथा कोस ग्रंथ जो ईनें, रच्यो रास सीरदार रे ।
सुरचंद भंया नें आदर, एह प्रबंध उदार रे ॥ २ ॥
अल्पबुधि श्रावक अवतार, पंडित सुर ए नांम रे ।
गुरुपसायें बुधि प्रकासी, सज्जन सुणि सुखपांमेरे ॥ ३ ॥
संवत सतरह बत्रिसा वर्षे, शुभ मूरत शुभ वाररे ।
आसोज सुदि ईग्यारस रविदिन, बर्द्धनपुर मझार रे ॥ ४ ॥
रत्नपाल मूंनीना गुण गाथा, मन नाम मनोरथ फलीयारे ।
अनेक देश देसनी देशी, रास उत्तम में किधोरे ॥ ५ ॥
कवियण कहें में पुरो किधो, त्रिजोलङ रसाल रे ।
विनति करहुं बुधि ऊन सार्थे, शुद्ध करो सुविसालरे ॥
भणतां गुणतां नें सांभलता, सुणतां हर्ष अपार रे ।
गुण गातां वली गुणवतं केरा, वरत्यौजयजयकाररे ॥ ६ ॥

इति रत्नपाल श्रेष्ठिनो रास संपूर्णम्। संवत् १८२३ वर्षे पोष सुदि १३ सोमवारे श्री मूलसंघे सरस्वति गच्छे बलात्कारगणे कुंदकुंदाचार्यान्वये श्री सुरतबंदिरे आदीश्वरचैत्यालये भट्टारक श्री विद्यानंदजी तत्पट्टे भट्टारक जी श्री १०८ देवेन्द्रकीर्त्ति जी लिखापितं।

६४. राजुल पच्चीसी।

रचयिता लालचन्द विनोदीलाल। भाषा हिन्दी (पद्य)। पत्र संख्या ४. साइज ६×४ इञ्च। पद्य संख्या २५.

मंगलाचरण—

प्रथमहिं सुमरु आदीराय, पुनि सारद हि मनाबस्यौ जीव वे।
वंदौ अपने गुरु के पाय, राजमती गुण गायस्यो जीव वे ॥ १ ॥

अन्तिम पाठ—

इह लालचन्द विनोद गावे, सुनत सब जन गह वरी।
राजुल पति श्री नेमि जिनें सब संघ कौं मंगल करी ॥

६५. रात्रिभोजनकथा।

रचयिता ब्रह्म श्री वीर। भाषा हिन्दी। पत्र संख्या ७. पद्य संख्या ८५.

मंगलाचरण—

श्री गुरुभक्ति करो मन लाय, वचन सुणी मन उलटी थाय।
रात्रि भोजन कहुं निहाल, सांभल ज्यों सहु बाल गोपाल ॥

अन्तिम पाठ—

भीलो काई धर्मे पडो जीस्यो जू उं महार।
रात्री भोजन परहरो जेम पावो भवपार ॥ १ ॥
मूल संघ मंडल मणी सरस्वती गच्छे राय।
भट्टारक शुभचन्द्र शिष्य ब्रह्म वीरजी गुणगाय ॥ २ ॥

६६. रात्रिभोजनकथा।

रचयिता श्री कि नसिंह। भाषा हिन्दी (पद्य) पत्र संख्या २६. साइज ६×४ इञ्च। पद्य संख्या ४१५.

मंगलाचरण—

समोसरण सोभा सहित जगतपूज्य जिनराज।
नमौं त्रिविध भवदधिनको तरण जिहाज ॥ १ ॥

जिन मुख अंबुज खरी, स्याद्वाद मय सोय।
ता स्वरस्रुति कौं भावधरि, नमौं सकल मद खोय ॥ २ ॥

अन्तिम पाठ—

माथुर बसंतराय बोहरां की परधांन।
संगही कल्यानदास पाटणी बखानिये।
रामपुर वास जाकौं सुत सुखदेव सुधी,
ताकौं सुत किस्नसिंह कविनाम जानिये ॥
तिहि निसिभोजन त्यजन व्रत कथा सुनी,
तांकी कीनी चौपई सुआगमप्रमानिये।
भूलि चूकि अक्षरघट जौं वाकौं बुधजन,
सोधि पढि वीनती हमारी मनि आनिये ॥ १ ॥

६७. वसुनन्दि श्रावकाचार भाषा।

भाषा श्री पं० दौलतराम भाषा हिन्दी (गद्य)। पत्र संख्या १३४. साइज ६×४॥ इञ्च। गाथाओं के ऊपर ही भाषा में अर्थ लिखा हुआ है।

मंगलाचरण—

दोहा

इंद्र मुकट के रतन की जोती हुई भलधार,
ता करि सिंचे पद कमल जिनके भव तप हार ॥ १ ॥
केवल बोध प्रबोध करि परकासे सहु तत्व।
सुकल सु ध्यान विधान करि, टारे सकल अतत्व ॥ २ ॥
श्रावक अरु जति धर्मकौ, दीयो जिह उपदेस।
सुरनर मुनीवर गणधरा, ध्यावैं जाहि असेस ॥ ३ ॥
ताहि प्रणमि श्रावक धरम, भासौ मति अनुसार।
श्रेणिक प्रति जो प्रगट, भाख्यौ श्री गणधार ॥ ४ ॥

अन्तिम पाठ—

अब तुम सुनहु भव्य इक बैन, जा विधिवचा भयौ सुख दैन।
उदयापुर में कीयो बखान, दौलतिराम अनन्द सुत जांन ॥
बाच्यौ श्रावक व्रत विचार, वसुनन्दी गाथा अधिकार।
बोले सेठ वेलजी नाम, सुनि नृप मंत्री दौलतिराम।
टबा होय जो गाथा तनौं, पुन्य उपजे जियकौं घनौं।

सुनि के दौलति बेल सु बैन, मन धरि गायो मारग जैन।
नंदौ विरधौ जिन मतसार, सुखपावो चउ संघ अपार।
दौलति बेल लहो निज बोध, होहु होहु सब को प्रतिबोध।

संवत् १८०८ कार्त्तिक मासे शुक्लपक्षे तिथौ १४ भौमवासरे उदयपुर मध्ये सेवकालुवालालजी सुख जी की बहु बाई मोठी तथा राजबाई ने लिखा।

६८. व्रतकथाकोष।

रचयिता श्री खुशालचन्द काला। भाषा हिन्दी पद्य। पत्र संख्या ११४. साइज १२×५ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तिया तथा प्रति पंक्ति में ३४-३८ अक्षर। रचना संवत १७८७. लिपि संवत् १८२०.

मंगलाचरण—

आदिनाथ वंदू जिनराय, कर्मकलंक रहित सुकधाय ।। १ ।।
धनुष पंचसै जाको काय, वृष लक्षण सोमैं अधिकाम।
बर्द्धमान बंदौ जिनदेव, प्रियकारिणी मात सुत एव ।। १ ।।
सप्त हस्त तन हेम समान, सिद्धारथ नृप को सुत जान ।। २ ।।

प्रशस्ति—

।। दोहा ।।

दक्षिण दिसि की कूंट में जो सु कह्यौ आवास।
तिस मंदिर मांही रहै पंडित लिखमीदास ।। १ ।।

।। सवैया ।।

देव इन्द्र कीरति भयेजु मूलस्यंघ भट्टारक को पदस्थ जाको सोहितु है।
पूजारु प्रतिष्ठा करवाई अतिसर्मकार मोहनी सुमूरति लखेतैं मोहितु है ।।
जाही के सुगच्छ मांहि पंडितश्रीय जु दास बानी कामधेनु तैं सुग्यान दोहि इतु है।
खिमावान ग्यानवान पंडित विवेकवान राति घोस आगम विचार टोहि इतु है ।।२।।

× × × × ×

ऐसे लिखमीदास ढिग मैं कुछ पढ्यो सुग्यान।
पठन कीयो मो बुध्य लौं वै तो ग्यांन निधांन ।।
तिनिहीं के उपदेस तैं भाषा सार बनाम।
श्रुत सागर ब्रह्मचार कौ सुभ अनुसार सुनाय ।।

।। चौपई ।।

सांगानेर बकी इकबार, मैं आयौ दिल्ली सुमझारि।
श्री जिनराज तणीं बरसेव, करिहूँ सुखदा मनवच एव ।।

× × × × ×

और सुणौं आगैं मन लाय, मैं सुन्दर कौ नई सुभाय।
सिद्द तिया अभिधा मम माय, ताहि कूंखि मैं उपजू आय।
चदं खुशाल कहै सब लोक, भाषा कीनो सुणत असोक।

॥ दोहा ॥

एकसात अठसात लखि संवत सुख दातार।
फाग अरिष्ट विषैं जु थिति थारित नाम विचार॥
सतरासैं ह सित्यासिये फागुण तेरसि सार।
कृष्ण पक्ष मांहि लखो उत्तम मंगलवार॥

मिती जेठ शुक्ल १३ संवत् १८२० लिखापितं पंडित जोधराजजी भूरामल लिपिकृतं बूंदी नगर मध्ये।

६६. वैद्यमनोत्सव।

रचयिता श्री केशवदास नयनसुख। भाषा हिन्दी पद्य। पत्र संख्या ३६. साइज १२×५ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर ६ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में २२–२५ अक्षर। रचना संवत् १६४६. लिपि संवत् १७७४.

प्रशस्ति—

वैद्य मनोत्सव ग्रंथ यह कह्यौ सकल निज आनि।
दुखकंदन पुनि सुख करन आनंद परम निधान॥ १॥
केसराज सुत नयनसुख कह्यौ ग्रंथ अभिकंद।
सुभग सहज सीहजंद मैं अकबर राजनरेंद्र॥
अंक वदे रस मेदनी शुक्ल पक्ष शुभ मास।
तिथि दुतिया भृगुवार पुनि पुण्यचन्द्र सुप्रकास॥

संवत् १७७४ जेठ सुदी ११ को श्री दयारामसोनी ने ग्रन्थ की प्रतिलिपी बनायी।

७०. समयसारकलशा भाषा।

मूलकर्त्ता आचार्य अमृतचन्द्र। भाषाकार श्री राजमल्ल। भाषा हिन्दी गद्य। पत्र संख्या ५३. साइज ११×४॥ इञ्च। केवल दसवें अध्याय की प्रति लिपि है। प्रति की हालत विशेष अच्छी नहीं है। लिपि संवत् १६५३, लिपिकार की प्रशस्ति —

संवत् १६५३ फागुण बुदी १४ शनिवासरे गढरणस्थंभ मध्ये चन्द्रप्रभचैत्यालये श्री मूलसंघे

बलात्कारगणे सरस्वती गच्छे भट्टारक श्री चन्द्रकीर्त्ति आम्नाये खण्डेलवालान्वये शेरपुरा की श्राविका लिखाइत मुक्तावली व्रतोद्यापनार्थं उपदेश बाई धनाई। लिखतं पांडे कैसोसाह मान्या सुत संगही पूरा संगुणदत्त का देहुरा को पांडे लिखी।

७१. समयसार नाटक।

रचयिता महाकवि बनारसीदास। भाषा हिन्दी पद्य। पत्र संख्या ११८, साइज १०×५६ इञ्च। रचना संवत १६९३.

प्रशस्ति—

अब यह बात कही है जैसे, नाटक भाषा भयौ सु असें।
कुदंकुदं मुनिमूल उधरता, अमृतचन्द्र टीका के करता।
समैसार नाटक सुखदानी, टीका सहित संसकृत बानी।
पंडित पढ़ै मृढमति बूझैं, अलपमती कौं अरथन सूझैं।
पांडे राजमल्लजिनधर्मी, समैसार नाटक के मर्मी।
तिह्नी गरंथ की टीका कीनी, बालाबोध सुगमकरिदीनी।
इहि विधि बोध बचनिका फैली, समै पाइ अध्यातम सैली।
प्रगटी जगत मांहि जिनबानी, घर घर नाटक कथा बखानी।
नगर आगरे मांहि बिख्याता, कारन पाइ भये बहु ज्ञाता।
पंच पुरुष अति निपुन प्रवीने, निसिदिन ग्यांन कथा रस भीने।

॥ दोहा ॥

रूपचंद पंडित प्रथम, दुतीय चतुर्भुज जांन।
तृतीय भगौतीदास नर, कौरपाल गुणधाम॥
धरमदास ए पंच जन, मिलि बैठहि इक ठौर।
परमारथ चरचा करैं, इन्हीं के कथन ने और॥
कबहौं नाटक रस सुनहि, कबहौं और सिधंत।
कबहौं बिग बनाई कैं, कहैं बोध बितंत॥
बास हमारा टोडो जांनि, सांगनेरि बसे पुनि आंनि।
फेर जिहांनाबाद मझारि, आप रहै जैस्यंघ पुरिसार॥
महावीर को मन्दिर जहां, सकल पंच जन आवैं तहां।
चित कौं रागरु धरम धरु, सुमति भगौती पास।
चतुर भाव थिरता भए, रूपचंद परगास॥

इहि विधि ज्ञान प्रगट भयौ, नगर आगरे मांहि।
देस देस महिं विस्तरयौ, मृषा देस महि नांहि॥

॥ चौपई ॥

जहां जहां जिनवानी फैली, लखै न सो जाकी मति मैली
जाके सहज बोध उतपास, सो ततकाल लखै यहु बात॥

॥ दोहा ॥

घट घट अन्तर जिन बसै, घट घट अंतर जैन।
मत मदिरा के पांन सौ, मतवाला समुभैन॥

॥ चौपई ॥

बहुत बढाउ कहां लौं कीजे, कारज रूप बात कहि लीजें।
नगर आगरे मांहि विख्याता, बनारसी नाम लघु ग्याता।
तामैं कवित कला चतुराई, कृपा करिहिं ए पांचौ भाई।
पंच प्रपंच रहित हिय खोलै, ते बनारसी सौ हंसि बोले।
नाटक समैसार हित जी का, सुगमरूप राजमल टीका।
कवित बद्ध रचना जो होइ, भाषा ग्रंथ पढै सब कोइ।
सोरहसै तिरानवे बीते, आसू मास सित पक्ष बितीते।
तिथि तेरसि रविवार प्रवीना, ता दिन ग्रन्थ समापत कीना।

॥ दोहा ॥

सुख निधान सक बंध नर, साहिब साकिरांन।
सह समाहि सिर मुकुट सम, साहिजहां सुलतान॥
जाके राज सुचैन सौं, कीनौ आगमसार।
ईति भीति व्यापी नहीं, इहु उनको उपगार॥

॥ सवैया ॥

तीनिसै दसोत्तर सोरठ दोहा छंद दोऊ जुगल सै पैंतालीस इकतीसा आने है।
छियासी सु चौपंए सैंतिस तेईस सवैए बीस छप्पए अठारह कथित बखानें है॥
सात कुनिहां अडिल्ल च्यांर कुंडलिए, मिलैं सकल सातसै सताईस ठीक ठाने है।
बत्तीस अक्षर के सिलोक कीने ताके, लखै छंद संख्या सत्रहसै सात अधिकाने हैं।

॥ दोहा ॥

समैसार आतम दरब, नाटक भाव अनंत।
सोइ आगम नाम मैं, परमारथ विरतंत ॥

इति परमागम समयसारनाटक नाम सिद्धांत पूर्णम्।

७२. समयसारनाटक भाषा।

भाषाकार श्री रूपचंद। भाषा हिन्दी गद्य। पत्र संख्या १३७. साइज १२॥×५॥ इञ्च। पद्य संख्या ७२४. महाकवि बनारसीदास द्वारा रचित समयसार नाटक के पद्यों का गद्य में अर्थ लिखा गया है। रचना संवत् १७००.

मंगलाचरण—

श्री जिन वचन समुद्र कौ, कौ लग होय बखान।
रूपचन्द तोहुं लखै, अपनी मति अनुमान ॥

प्रशस्ति—

पृथ्वीपति विक्रम के राज मरजाद लीन्हे,
सत्रहसै बीते परिठांनु आव रस मैं।
आसू मास आदि धौंसु संपूरन ग्रन्थकन्ही,
वारतिक करिकै उदारससिमै।
जौ पं यहु भाषा ग्रन्थ सबद सुबोध या कौ,
ठौहू बिनु संप्रदाय नावैं तत्व वम मैं।
यातं ग्यान लाभ जांति संबनि कौ बैन मानि,
बात रूप ग्रन्थ लिख्ये महा शांत रस मैं ॥ १ ॥

खरतर गच्छनाथ विद्यमान भट्टारक,
जिनभक्ति सूरि जू के धर्मराज धुर मैं।
खमसाखमांहि जिनहर्ष जू वैरागी,
कवि शिष्य सुखवर्द्ध शिरोमनि सधम मैं।
ताके शिष्य दयासिंघ गणी गुणवंत,
मेरे धरम आचारिज विख्यात श्रुत धर मैं।
ताकौ परसाद पाइ रूपचंद आनंद सौं,
पुस्तक बनायो यहु सोणगिरि पुर मैं ॥ २ ॥

बाचत पढत अब आनंद सदा एकसौं,

संगि तारार्चद अरु रूपचंद बाल के ॥ ३ ॥

॥ दोहा ॥

देसी भाषा कौ कहै अरथ विपर्यय कोन।
ताकौ मिछा इक्क में सिद्ध सखी हम कोन ॥ ४ ॥

७३. सम्यक्त्व कौमुदी कथा।

भाषाकार श्री जोधराज गोदीका। भाषा हिन्दी पद्य। पत्र संख्या ६१. साइज १२×५॥ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में २८-३२ अक्षर। रचना संवत् १७२४. लिपि संवत् १७६३.

मंगलाचरण—

परम पुरुष आनंदमय चेतनरूप सुजान।
नमूं शुद्ध परमात्मा जग परकासक भान ॥
परम ज्योति आनंदमय, सुमिति होइ आनंद।
नाभिराज सुत आदि जिन, वंदौ पूरण चंद ॥

अन्तिम पाठ तथा प्रशस्ति—

मूलग्रन्थ में ज्यों सुनी कथा कहै कवि जोध।
सोई ए भाषा सही दायक दरसन बोध।

॥ चौपई ॥

मिश्र एक हरि नाम सुनी पढ्यो छंद व्याकरण प्रमांनि।
ज्यौतिप ग्रन्थ पढ्यौ बहु भाय, मित्र जोध कहै सुखदाय ॥

॥ दोहा ॥

तिनहि पढायो जोध को मूलग्रन्थ परवांन।
ता पर भाषा गुन कीयौ जोधराज सुख थांन ॥
पंडित चतुर सुजान है इह जोध हरनाम।
ताकी संगति जोध को भयौ सामतर लाभ ॥
परम प्रजा पालै सदा सब भूपनि सिरमौर।
रामसिंह राजा प्रगट ता सम नांही और।
ताकै राज सुचैन स्यों कियो ग्रंथ इह जोध।
नाम समकिति कौमुदी, दायक केवल बोध।

सांगानेर सुथान में डेरा ढुंढाहड़ि सार।
ता सम नहि को और पुर, देखे सहर हजार ॥
अमर पूत जिनवर भगत, जोधराज कवि नाम।
वासी सांगानेर कौ करी कथा सुखधाम ॥
धर्मदास को पूत लघु जाति लुहाड्यो जोय।
नाम कल्याण सु जानिये कवि कौ मामौ सोय ॥
ताके पढिवें कारनै, कियो ग्रन्थ यह जोध।
नाम समकित कौमुदी, दायक केवल बोध ॥
इहै समकित कौमुदी, जो नर पढै सुभाय।
सो सुर नर सुख पाय कै अनोकरमि सिव जाय ॥

॥ चौपई ॥

संवत सत्रासै चौबीस फागुन बुदि तेरस शुभ दीस।
सुकरवार सो पूरन भई इहै कथा समकित गुन ठई ॥

॥ दोहा ॥

ग्यारासै अठहत्तरि इहै छंद चौपई जान।
कह्यौ कौमुदी ग्रंथ कौ जोध सुमति अनुमान ॥
महाराम के हेतो सौं राखे अपने पास।
काम सजान्यां कौं दयौ नथमल कौं सुखरास ॥
पुनि भाषा रचना विषैं चारन्यो मैं उपयोग।
पै सहाय विन होय नहीं, तवहि मिल्यौ इक जोग ॥
कारन बिन शुभकाज की सिद्ध न होय लगार।
तातैं सो कारन सुनौं, बुध जन सुख करतार ॥

॥ चौपई ॥

श्री सुखराम सकल गुन खांन, ओजामत सु गछ नभ भांन।
बसवा नाम नगर सुखधाम, मूलवास जानो अभिराम ॥
अमोदक के जोग प्रवास, बसुवा तजैं भरतपुर आय।
जिनमन्दिर में कियो निवास, मूलवास जानौं अभिराम ॥

जो कहूं मेरी चूक है लीज्यौ संत सुधारि।
ब्रह्म मातरा देखि कै गुण औगण सुविचार॥
वंदौं सिव अवगाहना अरु वंदौं सिव पंथ।
जसह देव वंदौ विमल वंदौ गुरु निरगंथ॥
जिनवाणी पूजौ सही तातै सब सुख होय।
कविता दूखन नहीं लगौ सुख से पूरण होय॥
चंद सूर पानी अवनि पवन अरु आकास।
मेरादिक जब लग अटल तब लग जैन प्रकास॥

इति श्री सम्यक्त्वकौमुदीकथायां साह जोधराज गोदीका विरचितायां उदितोदय भूप अरहदास सैठादिक सुरग गमनो नाम एकादसम परिच्छेदः।

संवत्सरे १७६३ ज्येष्ठ मासे शुक्लपक्षे चतुर्दशी तिथौ बुधवारे जिहानाबाद जैसिंहपुरा मध्ये श्री वर्द्धमान चैत्यालये श्री मूलसंघे नंद्याम्नाये बलात्कार गणे सरस्वती गच्छे कुंदकुन्दाचार्यान्वये भट्टारक शिरोमणि भट्टारक श्री १०८ देवेन्द्रकीर्त्तिजी तत्पट्टोदयाद्रिदिनमणिप्रख्यः भट्टारक श्री महेन्द्रकीर्त्तिजी तदाज्ञानुवर्त्ती पं० दयारामेन इदं सम्यक्त्वकौमुदी भाषा चौपई ग्रन्थ स्वहस्तेन लिपि कृता।

७४. सम्यक्त्वरास।

रचयिता ब्रह्म जिनदास। भाषा गुजराती मिश्रित हिन्दी। पत्र संख्या २६. साइज १०x४॥ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर १० पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में ३०-३४ अक्षर। प्रथम पत्र नहीं हैं।

दूसरे पत्र का प्रारंभ पाठ—

त्रोटक

जयवंत जय जगि सार सुंदर रामचंद्र वखानिये।
लक्ष्मीधर अरु भरत शत्रुघ्न च्यारि पुत्र घरि जाणीइये॥
कुलकमल दिनकर सकल शास्त्र सुज्ञानवंत महामती।
देव धर्म्महं गुरु परीक्षण रामचन्द्र नृतिपती॥ १॥

अन्तिम पाठ तथा प्रशस्ति—

समकित रासो निरमलाए मिथ्यातमोहएकंदाता।
गावो भवीयण रवडो ए जिमि सुख होइ अनंदाता॥ १॥
श्री सकल कीरति गुरु प्रणमीनए, श्री भवन कीरति भवतार तो।
ब्रह्म जिणदास भणो ध्याइए गाइए सरस अपारतो॥ २॥

७५. सिद्धान्तसारदीपक।

रचयिता श्री नथमल बिलाला। भाषा हिन्दी (पद्य) पत्र संख्या १६६. साइज १२×६ इञ्च। प्रत्येक पृष्ठ पर १७ पंक्तियां तथा प्रति पंक्ति में ३८-४२ अक्षर। भट्टारक सकलकीर्ति की सिद्धान्तसार नामक रचना के आधार पर भाषा लिखी गयी है।

सर्वदर्शी सर्वज्ञ महंत सकल अर्थ दीपक श्रीमंत।
गणधर पद वंदित जगनाथ, वंदौ चरण जोरि जुग हाथ ॥१॥

अन्तिमपाठ तथा प्रशस्ति—

जिहिं बिधि भाषा ग्रंथ यह, भयो परम हितकार।
सो बरनन बुधजन सुनो, करि निज चित्त इक ठार ॥ १ ॥

॥ चौपई ॥

नगर आगरो परमपुनीत, साधर्मीजन बसैं विनीत।
जहां जेठमल साह सुजांन, गुन गन मंडित परम निधान ॥
ताके तनुज दोय गुनवान, निजकुल कमल प्रकाशन भान।
जेठौ सोभा चंद उदार, लघु सुत गोकुलचंद विचार ॥
वंस खण्डेवाल अवदात, गोत बिलाला जग विख्यात।
अन्नोदक को कारण पाय, बसे भरतपुर मांही आय।

॥ दोहा ॥

नंदन सोभाचंद कौ, नथमल निपट अयान।
छंद कोस पिंगल तनौं, ज्ञान अंस नहीं जान ॥

॥ चौपई ॥

संगही चांदूबाड प्रसिद्धि, केसोदास धरत बहु रिद्धि।
मयाराम ताकौ सुत सही, पोतदार जानै सब मही।
मोदी·····महाराज जाकौं सनमान कीहनौ,
फतेचंद पृथ्वीराज पुत्र धनमाल के।
फतेचंद जूके पुत्र जसरूप जगन्नाथ,
गौतमानधर में धरैयासुभवाल के।
ता मैं जगन्नाथ जू के बुझिबेके हेतु,
हम ब्यौरी कैं सुगम कीन्हे वचन दयाल के।

नथमल नैं सुखरास सौं, कही प्रीति दरसाय।
मूलग्रन्थ कौ अर्थ तुम मोकूं देय बताय॥

मूल ग्रन्थ अति कठिन है पढै जू पंडित होय।
भाषा रचना होय तो पढै सुधी सब कोय॥

अर्थ समझि सुखराम तैं मध्य लोक को सार।
नथमल नै भाषा रची निजमति के अनुसार॥

महावीर जिन आज्ञा हित	नथमल आये संघ समेत।
पांडे लालचंद सौं कही	पूरन ग्रंथ करो तुम सही।

॥ दोहा ॥

नथमल वच उर आंनि के,	अरु निज हेत विचार।
श्री सिद्धान्त सार की,	भाषा कीनी सार॥
आधो लोक की कथन अरु	ऊरध लोक विचार।
भाषा पांडेलाल नैं	कीनी मति अनुसार॥

॥ छप्पय ॥

भट्टारक विख्यात सकलकीर्ति विसालमति,
किये सहंसकृत पाठ ताहि समझे न तुच्छ मति।
ताही के अनुसार अरथ मन में आयो,
निजमति के अनुसार किमपि भाषा करि गयो॥
जो छंद अर्थ अनमिल कहूं वरन्यौ होय सुजांनि कै,
लीज्यौ संवारि बुधजन सकल यह विनती उर आनिकै॥
नमौ देव अरिहतं मुक्ति मारग परकासो,
नमौं सिद्ध चिद्रूप लोक के अग्र निवासी।
नमौं साधु निरग्रन्थ सकल परिगह परिहारी,
सहत परीषह घोर सकल जन के हितकारी।
वंदौ जिन धर्मवर देव सकल सुख संपदा,
यह उत्तम तिहुं लोक में करौ छेम मंगल सदा॥

॥ चौपई ॥

संवत् अष्टादश शत जांन	ऊपर पुनि चौतीस प्रवांन।
माह शुक्ल पांचैं रविवार	ग्रन्थ समापत कीनौ सार॥

संवत् १८६० आसोजमासे कृष्णपक्षे तिथौ १३ मंगलवासरे लिख्यतं महात्मा गुमानीराम नासरोदा मध्ये।

७६. सिन्दूर प्रकरण।

रचयिता कौरपाल बनारसीदास। भाषा हिन्दी पद्य। पत्र संख्या १२. साइज ६×४ इञ्च। पद्य संख्या १०४. रचना संवत् १६६१.

मंगलाचरण—

सोभित तप गजराज सीस सिन्दूर पूर छवि,
विविध दिवस आरम्भकरन कारन उदोत रवि
मंगल तरु पल्लव कषाय कंतार हुताशन
बहुगुन रत्ननिधान मुक्ति कमला कमलासन
इहि विधि उपमा सहित अरुन वरन संताप हर।
जिनराज पाय नषजोतिभर नमत बनारसी जोरिकर॥

प्रशस्ति—

कौरपाल बनारसी मित्र युगल इक चित्त।
तिन गरंथ भाषा कियौ बहुविध छंद कवित्त॥
नाम सुक्ति मुक्तावली द्वाविंशति अधिकार।
शत शिलोक परवान सब, इति गरंथ विस्तार॥
सोलासै इक्यानवें रितु ग्रीषम बैशाख।
सोमवार एकादशी कर नक्षत्र सित पाष॥

७७. सीताचरित्र।

